सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
11.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 118

12 एडिलेड में शर्मसार भारत, इंग्लैंड के हाथों पिटकर बाहर




## न्यूज डायरी

### मालदीव में भीषण आग 9 भारतीयों की मौत

**माले।** मालदीव की राजधानी माले की एक इमारत में भीषण आग लगने की खबर है। बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी। इनमें नौ भारतीय शामिल हैं। इसके अलावा कई लोग बुरी तरह घायल हो हैं। अधिकारियों ने बताया कि इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कार गैराज में भीषण आग लग गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान ऊपरी मंजिल पर 10 लोगों के शव मिले, जिनमें नौ भारतीय और एक बांग्लादेशी है।

### बेटी रोहिणी लालू को देंगी एक किडनी

**पटना।** पिछले कई सालों से किडनी की बीमारियों से पीड़ित लालू प्रसाद की जिंदगी बचाने के लिए उनकी सिंगापुर में रहनेवाली बेटी रोहिणी अचार्य अपनी एक किडनी देंगी। बेटी रोहिणी का यह बड़ा फैसला देश की सभी बेटियों के लिए मिसाल है। सिंगापुर में ही अगले माह किडनी ट्रांसप्लांट होगा।

### पत्नी की हत्या कर बेटी को लेकर पति फरार

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना अंतर्गत उगरा कटहल टोली में लाठी-डंडे से पीटकर पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि गोकुल महली नामक व्यक्ति अपनी पत्नी रीता देवी (30 वर्ष) को लाठी-डंडे एवं लात-घुसा से मारकर बुधवार की रात हत्या कर घर से फरार हो गया। अपने साथ पांच साल की बेटी को भी लेते गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सेन्हा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सेन्हा थाना पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए संबंधित स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी।

### दर्शन करने दो किमी पैदल चलीं राष्ट्रपति

**पुरी।** यहां की सड़क पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लगातार पैदल चल रहीं थीं। हर कोई हैरान था कि, आखिरकार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू क्यों पैदल चल रहीं हैं। पर जब उन्होंने एक आम भक्त की तरह गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए तो हर कोई जान गया पैदल चलाने का राज। पुरी ग्रांड रोड पर करीब 2 किमी. पैदल चलकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रुक गई और उन्होंने एक आम भक्त की तरह गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किये।

### आधार कार्ड को लेकर नयी गाइडलाइंस जारी

**नयी दिल्ली।** यूआइडीएआइ ने आधार कार्ड को लेकर अब नयी गाइडलाइंस जारी की है। अब हर भारतीय को आधार कार्ड को 10 वर्ष बाद अपडेट कराना अनिवार्य होगा। संशोधित नियम के अनुसार, आधार संख्या प्राप्त करने से 10 साल पूरा होने के बाद कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों का अद्यतन (अपडेट) कराना जरूरी होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 65,500 रु./प्रति किलो |

## बच्चों को छात्रवृत्ति समेत 34 प्रस्तावों पर झारखंड कैबिनेट की मुहर

# छात्रों की पढ़ाई से लेकर नौकरी तक की चार योजनाओं को मंजूरी

➲ गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम समेत चार नयी पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में 34 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रशिक्षण योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना व मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रमुख है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन योजनाओं को झारखंड स्थापना दिवस समारोह में लांच करेंगी। मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत राज्य के दसवीं पास 8000 बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, मास कम्युनिकेशन, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट, सीए या इसीडब्ल्यू की कोचिंग निशुल्क करायी जायेगी। कैबिनेट सचिव बंदना डाडेल ने बताया कि एलेन, आकाश या अन्य बड़ी कोचिंग संस्था से बच्चों को मार्गदर्शन मिलेगा। बच्चों को 2500 छात्रवृत्ति भी रहने के लिए दी जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### राष्ट्रपति करेंगी इन योजनाओं की शुरुआत

सरकार की महत्वकांक्षी गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सीएम सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, एकलव्य स्किल स्कीम का शुभारंभ 15 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों किया जायेगा। इसके अलावा आदित्यपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनेगा, इसपर 27.63 लाख रुपये खर्च होंगे। बीआईटी सिंदरी में 3 छात्रावास बनेंगे, इसपर 89 करोड़ खर्च होंगे। रांची के कांके स्थित कृषि निदेशालय में पलाश मार्ट खुलेगा। इसपर खर्च 4.40 करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। वहीं उग्रवाद प्रभावित 16 जिलों में युवाओं के कौशल औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों के 496 पदों की स्वीकृति दी गयी है। एकलव्य स्कीम उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग की योजना है। इस योजना के तहत यूपीएससीए जेपीएससीए बैंक पीओए रेलवेए एसएससी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को सरकार आर्थिक मदद करेगी।

### कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

अमृत योजना के तहत रामगढ़ में शहरी जलापूर्ति के लिए 56,281 लाख की लागत से जलापूर्ति योजना की स्वीकृति। राज्य सरकार के कर्मियों के छठा वेतनमान में मंहगाई भत्ता की दर 203 प्रतिशत से बढ़ा कर 212 प्रतिशत की गयी। पेंशधारियों के मंहगाई राहत की दर में वृद्धि, राज्य सरकार के कर्मियों के पंचम वेतनमान में मंहगाई भत्ता में 381 प्रतिशत से बढ़ा कर 396 प्रतिशत किया गया। सिकटिया वृहत सिंचाई योजना के लिए नाबार्ड से 451 करोड़ ऋण लेने की स्वीकृति। 14 ग्रामीण जलापूर्ति के लिए नाबार्ड से 986 करोड़ ऋण लेने की स्वीकृति। झारखंड उच्च न्यायालय में 87 राजपत्रित और अराजपत्रित पदों की स्वीकृति। सिदो कान्हो मुर्मू विश्व विद्यालय के तहत नये डिग्री और महिला कॉलेज के लिए पद एवं संकाय की स्वीकृति।

## रांची में बाबा रामदेव बोले

### अच्छा काम कर रहे हेमंत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अच्छा काम कर रहे हैं। रांची पहुंचे योगगुरु ने गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन से भेंट कर उनके काम की सराहना की। इस दौरान सीएम ने उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। यही नहीं सीएम ने बाबा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई एक राजनीतिक विषय है। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि क्या भाजपा सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है। इसी प्रश्न के जवाब में बाबा रामदेव ने सिर्फ इतना कहा कि यह राजनीतिक विषय है।

# एक बार फिर वर्ल्ड कप का सपना टूटा

## भारत की करारी हार, पाकिस्तान और इंग्लैंड में अब खिताबी जंग

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गयी। सेमीफाइनल में टीम इंडिया को इंग्लैंड ने एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया है। 2014 के बाद सातवीं बार ऐसा हुआ है जब टीम इंडिया आईसीसी इवेंट के नॉकआउट मुकाबलों से बाहर हुई हो। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड ने 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते ओपनर जोस बटलर (80) और एलेक्स हेल्स (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बिना विकेट गंवाये 16 ओवर में 170 रन बनाकर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनायी। खिताब के लिए उसका सामना रविवार 13 नवंबर को पाकिस्तान से होगा।

**रोहित भी नहीं दिला सके कोई खिताब**

विराट कोहली के बाद रोहित शर्मा भी भारत को कोई आइसीसी टर्नामेंट के खिताब नहीं दिला सके। 2014 के बाद से 7वीं बार आईसीसी इवेंट के नॉकआउट मुकाबले से भारतीय टीम बाहर हो गयी। टीम इंडिया 2007 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद 2014 में इस मेगा इवेंट के फाइनल में पहुंची थी, जिसमें उसे श्रीलंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। 2016 में भी टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज ने टीम को हरा दिया था। यूएई में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हो रहे टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत ने जबरदस्त वापसी की थी और सेमीफाइनल तक का सफर तय कर लिया था।

## विशेष सत्र आज, दोनों पक्षों ने बनायी रणनीति

# नयी स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण पास होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शुक्रवार को हेमंत सरकार 1932 पर आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण से जुड़े बिल को विधानसभा से पास करायेगी। शुक्रवार के विशेष सत्र को ले कर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। साथ ही दोनों पक्षों ने गुरुवार की शाम बैठक कर अपनी-अपनी रणनीति बनायी। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि शुक्रवार को विशेष सत्र में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से जुड़ा बिल सदन में पारित होगा। उस पारित बिल को केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि दोनों बिल में सारी बातों का जिक्र होगा। श्री आलम ने विपक्ष से आग्रह किया कि राज्यहित में दोनों बिल को पास कराने में समर्थन करें। (शेष पेज 11 पर)

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एयरपोर्ट की सुरक्षा जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची आ रही हैं। उनके दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसी के तहत गुरुवार को आला अधिकारियों की पूरी टीम ने रांची एयरपोर्ट का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए.दिये गये। राष्ट्रपति आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। रांची जिला प्रशासन और राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। रांची सिटी एसपी अंशुमन कुमार, डीएसपी राजा कुमार मित्रा, डीएसपी जितनवाहन उरांव, डीएसपी दीपक कुमार, खुफिया विभाग के अधिकारी अमित कुमार, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित एसडीएम और एयरपोर्ट के सभी पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे।

## पलामू में मिले लैंड माइंस, सुरक्षाबलों ने नष्ट किया

**मेदिनीनगर।** सुरक्षाबलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। माओवादियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए एक पुलिया में लैंडमाइंस को लगाया था। लैंडमाइंस को सुरक्षाबलों ने विस्फोट कर नष्ट कर दिया। यह पूरी घटना पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के चक के बधार की है। लैंडमाइंस बरामद होने के बाद इलाके में सुरक्षा बल सर्च अभियान चला रहे हैं। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लैंडमाइंस की बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ते ने इस लैंड माइंस को डिफ्यूज कर दियाष दरअसल, सीआरपीएफ 134 बटालियन के टीम चक के इलाके में माओवादियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रही थी। इसी क्रम में बधार के पास एक पुलिया में जवानों को तार नजर आयाष जवानों ने सावधानी पूर्वक देखा तो पुल के नीचे एक लैंड माइंस मौजूद था। पूरे मामले में सीआरपीएफ के जवानों का बयान के आधार पर मनातू थाना में माओवादियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

## कोलकाता कैश कांड | तीनों विधायकों को बेल आज सत्र में भाग ले सकते हैं

**रांची।** कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गये कांग्रेस के तीनों विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को कलकत्ता हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। पहले तीनों विधायक अंतरिम बेल पर थे, अब उन्हें रेगुलर जमानत मिल गयी। इस फैसले के साथ एक अहम फैसला भी किया गया है जिसमें तीनों विधायक अब कोलकाता छोड़कर झारखंड लौट सकते हैं। खबर है कि तीनों विधायक कोलकाता से रांची के लिए रवाना हो गये हैं। शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में तीनों शामिल हो सकते हैं।

## सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा, कहा

# धर्म बदलने वाले दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** धर्म परिवर्तन कर इस्लाम और ईसाइ धर्म अपनाने वाले दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने वाली याचिकाओं का केंद्र सरकार ने विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामें में सरकार ने केंद्र ने कहा है कि ईसाई और मुस्लिम समुदाय में जातीय आधार पर छुआछूत नहीं है। केंद्र ने दलित ईसाइयों और दलित मुसलमानों को अनुसूचित जातियों की सूची से बाहर किये जाने का बचाव करते हुए कहा है कि आंकड़ों से पता चलता है कि उन्होंने कभी किसी पिछड़ेपन या उत्पीड़न का सामना नहीं किया। दलित ईसाई और दलित मुसलमानों के अनुसूचित जातियों के लाभों का दावा नहीं कर सकने का तर्क देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया। हलफनामे में कहा कि 1950 का संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश किसी भी असंवैधानिकता से ग्रस्त नहीं है। केंद्र ने हलफनामे में कहा कि रंगनाथ कमीशन ने जमीनी हकीकत का अध्ययन किये बिना ही धर्मान्तरण करने वाले सभी दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की सिफारिश की थी। सरकार ने उस सिफारिश को स्वीकार नहीं किया था। हलफनामे में राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग के नोट का हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक ईसाई और मुस्लिम के मूलतः विदेशी धर्म होने के चलते उनमें जाति व्यवस्था इतनी हावी नहीं है। इनमें तब्दील हुए दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देना वहां भी जाति व्यवस्था को जन्म देगा। सरकार का कहना है कि इस मामले की संजीदगी को देखते हुए पूर्व चीफ जस्टिस केजी बालाकृष्णन की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन भी किया है जो धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को अनुसूचित जाति के दर्जे पर विचार करेगा। अभी सिर्फ हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा और उसके मुताबिक आरक्षण का लाभ मिलता है। इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलितों को ये दर्जा हासिल नहीं है।

# घूस लेते थाना प्रभारी गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

मानगो थाना से गिरफ्तार कर साथ ले गयी एसीबी टीम



**जमशेदपुर।** मानगो थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार को एसीबी ने 25 हजार रुपए घूस लेते गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में इंटक के युवा राष्ट्रीय सचिव बलदेव सिंह ने एसीबी में शिकायत की थी। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा था कि उनकी बाइक की टक्कर हो गयी थी। इस संबंध में दूसरे पक्ष ने थाने में शिकायत की थी। मामले में कोर्ट से उन्होंने जमानत ले ली थी, पर थाना प्रभारी उनसे 50 हजार की मांग कर रहे थे। अंत में परेशान हो कर सौदा 25 हजार में सौदा उन्हें तय करना पड़ा। परेशान होकर बलदेव ने एसीबी को शिकायत की। मामले की पुष्टि होने पर एसीबी ने जाल बिछाया। गुरुवार को तय रकम देने बलदेव सिंह थानेदार के चेंबर पहुंचे। थानेदार ने जैसे ही घूस की रकम पकड़ी, बाहर खड़ी एसीबी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। जानकारों के अनुसार पूर्वी सिंहभूम जिले में पहली बार किसी थाना प्रभारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले तक थाना के सब इंसपेक्टर तक की गिरफ्तारी हुई है। लोगों का मानना है कि थानेदार की गिरफ्तारी के बाद अब कोई भी पुलिस प्रशासन रिश्वत लेने के पहले कई बार सोचेगा।

# दोस्ती में कुश्ती... पार्टनर सद्दान हुसैन ने ही करवाया था रांची के जमीन कारोबारी शेखर महतो पर जानलेवा हमला

›› शूटर के साथ सद्दान समेत पांच गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र में गत 26 सिंबर को रांची के जमीन कारोबारी शेखर महतो और उनके स्टाफ पर गोली उसके पार्टनर मो सद्दान हुसैन ने ही चलवायी थी। इस गोलीबारी में शेखर तो बच गया किंतु उसके दो स्टाफ घायल हो गए थे। मामले में रांची के ही पांच आरोपियों को पुलिस ने हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है।

आज दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन में जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने इस कांड का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मामले में अगर और भी आरोपी होंगे तो उन्हें भी जांच के बाद गिरफ्तार किया जायेगा। इसके लिये रांची के सुखदेवनगर रोड नंबर चार के रहने वाले बिट्टू सिंह उर्फ आदित्य सिंह को सुपारी दी गयी थी।

**ये हुए गिरफ्तार :** रांची के किशोरगंज रोड नंबर चार का रहने वाला बिट्टू सिंह, किशोरगंज रोड नंबर 6 का प्रकाश चौधरी, किशोरगंज इरगु टोली का मोनू तिवारी, आजादनगर के न्यू आनंदनगर का हेमंत कुमार पांडेय और सदर थाना बड़गाई प्रथम मार्ग स्कूल रोड का रहने वाला मो सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है।

**दोनों पार्टनरों में चल रहा था विवाद :** एसएसपी ने कहा कि मो सद्दान का शेखर महतो से जमीन को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। पूछताछ में बिट्टू ने पुलिस को बताया कि सद्दाम ने ही शेखर को मारने के लिये सुपारी दी थी। इस बात को सद्दाम ने भी स्वीकार किया है।



गिरफ्तार आरोपियों को प्रेस के सामने पेश करते एसएसपी प्रभात कुमार और सहयोगी पदाधिकारी।

**शातिर अपराधी है बिट्टू, रांची, बोकारो और चाईबासा में कर चुका है क्राइम :** पुलिस के अनुसार बिट्टू एक शातिर अपराधकर्मी है। उसके खिलाफ रांची, कोलकाता, चाईबासा और बोकारो थाने में दर्जनों मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी प्रकाश चौधरी के बारे में पुलिस का कहना है कि उसपर रांची में बैंक डकैती और फायरिंग से संबंधित कई मामले दर्ज हैं और वह पहले भी जेल जा चुका है। एसएसपी का कहना है कि आरोपियों को रिमांड पर भी पुलिस ले सकती है।

**आरोपियों से बरामद हथियार :** पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, 9 एमएम का एक ऑटोमेटिक पिस्टल, 9 एमएम के ऑटोमेटिक पिस्टल का एक मैंगजीन, 9 एमएम का दो जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक और पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

**सद्दान ने धालभूमगढ़ एनएच-33 पर जमीन देखने के लिए बुलाया था :** घटना 26 सितंबर 2022 घटना के दिन पार्टनर सद्दाम ने ही फोन कर शेखर महतो को धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के एनएच 18 से मौदाशोली जानेवाली सड़क पर बुलाया गया था। शेखर के पहुंचते ही जमीन कारोबारी की गाड़ी पर फायरिंग की गयी थी। फायरिंग में शेखर महतो तो बच गया लेकिन उनके सहकर्मी देवाशीष मुखर्जी और चालक गंगा प्रसाद को गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए टीएमएच भर्ती कराया गया था।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्डवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi. co.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in. के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## एक नजर में

### टाटा स्टील मना रही है गुणवत्ता माह 2022

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील नवंबर में गुणवत्ता माह मना रही है और इस विश्वास को मजबूत करना चाहती है कि 'गुणवत्ता' केवल किसी उत्पाद, प्रक्रिया या प्रणाली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर उस गतिविधि में भी प्रदर्शित होती है जिसमें हम शामिल हैं। नवंबर महीने को दुनिया भर में क्वालिटी मंथ यानी गुणवत्ता माह के रूप में मनाया जाता है। टाटा स्टील की गुणवत्ता उत्कृष्टता की शानदार यात्रा हर स्तर पर सुधार से संबंधित कर्मचारी सहभागिता संस्कृति की मजबूत नींव पर बनी है। कई डिजिटल पहलकदमियों के ऑटोमेशन और कार्यान्वयन ने शॉप फ्लोर के स्तर पर भी संचालन की दक्षता में वृद्धि की है। गुणवत्ता माह की शुरुआत 2 नवंबर, 2022 को सीईओ एंड एमडी ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने की थी। इस अवसर पर उन्होंने टाटा स्टील की गुणवत्ता यात्रा में योगदान के लिए दिवंगत डॉ जे जे ईरानी को श्रद्धांजलि दी। अपने संदेश में उन्होंने 'गेम्बा' संस्कृति के महत्व पर जोर दिया और कर्मचारियों से गुणवत्ता माह पहल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया। इस पहलू पर और जोर देने के लिए, इस वर्ष गुणवत्ता माह के लिए थीम के रूप में टुवाड्र्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस को चुना गया है – यह मैनेजर्स और लीडर्स को हमारी उत्कृष्टता यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में वास्तविक कार्य प्रक्रियाओं का निरीक्षण करने, कर्मचारियों / अनुबंध कर्मियों के साथ जुड़ने, कार्य प्रक्रियाओं के बारे में ज्ञान प्राप्त करने और निरंतर सुधार के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। गुणवत्ता माह समारोह के हिस्से के रूप में, गेम्बा थीम पर विभिन्न उद्यम–व्यापी पहल की योजना बनाई गई है, जैसे शॉप फ्लोर कनेक्ट प्रोग्राम, हमारे सम्मानित ग्राहकों द्वारा थीम पर वार्ता, वेंडर पैनल परिचर्चा, सुझाव अभियान और गेम्बा फोकस्ड क्वालिटी इम्प्रूवमेंट पर स्मॉल ग्रुप एक्टिविटी (एसजीए) ड्राइव, हडह (विंडो ऑन द वर्ल्ड) सत्र, क्वालिटी क्विज, क्वालिटी मिथ बस्टर्स आदि।

### विधायक सरयू राय ने भाजपा नेता राकेश और भूपेंद्र सिंह को भेजा मानहानि का नोटिस

**जमशेदपुर।** अधिवक्ता सौरभ कुमार सिन्हा ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की ओर से एग्रिको, सिदगोड़ा निवासी भूपेन्दर सिंह और ग्वाला बस्ती, टेल्को निवासी राकेश सिंह के विरूद्ध मानहानि का नोटिस भेजा है और कहा कि 7 दिनों के भीतर वे विधायक श्री सरयू राय के विरूद्ध फेसबुक एवं सोशल मीडिया पर लगाए गये मिथ्या आरोप लगाकर प्रसारित करने के लिए माफी मांगें, नहीं तो उनके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर होगा। ज्ञातव्य है कि इन दोनों व्यक्तियों ने दो दिन पूर्व विधायक सरयू राय पर आरोप लगाया है और फेसबुक पर प्रसारित किया है कि श्री राय ने खाद्य आपूर्ति रहते समय भ्रष्टाचार से अर्जित धन द्वारा एक आलीशान भवन बनाया है। श्री राय के अधिवक्ता ने मानहानि का नोटिस जारी करते हुए बताया है कि ये आरोप शत प्रतिशत झूठा हैं, राजनीतिक विद्वेष में लगाया गया है और इसका उद्देश्य विधायक सरयू राय की भ्रष्टाचार विरोधी स्वच्छ छवि को धूमिल करना है।

### सरयू को नोटिस का तगड़ा जवाब मिलेगा : राकेश सिंह



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर जिला महामंत्री राकेश सिंह ने बयान जारी कर कहा कि आज यह जानकारी मिली कि पूर्वी विधायक के द्वारा हमें और भूपेंद्र सिंह जी को लीगल नोटिस उनके अधिवक्ता के द्वारा भेजा गया है। पूर्वी विधायक का यह कृत्य हिंदी के एक प्रसिद्ध मुहावरे खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे को चरितार्थ करता है। अपने आदत के अनुरूप चिट्ठी लिखना और चिट्ठी के माध्यम से धमकाकर अपने कुकृत्य को छुपाना ऐसा उनका पुराना कृत्य है। मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं, जब हमें नोटिस मिलेगा तो मैं उसका भरपूर जवाब दूंगा और उस समय में विस्तृत रूप से आप सबों को बताऊंगा कि माननीय विधायक जी को जमशेदपुर में आए 15 साल बमुश्किल से हुआ। आते ही टाटा स्टील में अपने परिवार के सदस्य को नौकरी, विधायक जी जो इनोवा गाड़ी पर चढ़ते हैं वह गाड़ी कहां से आई है, करोड़ों का आलीशान महल एक-एक कर सब रहस्य से पर्दा उठेगा, राकेश सिंह ने कहा कि विधायक जी को खुली चुनौती देता हूं कि जितना नोटिस और जितना मुकदमा करना हो करे सब का माकूल जवाब उन्हें समय पर मिलेगा।

### मदर्स होम पब्लिक स्कूल में उर्दू दिवस पर याद किये गये अल्लामा इकबाल



**जमशेदपुर।** जाकिरनगर स्थित मदर्स होम पब्लिक स्कूल में अल्लामा इकबाल के जन्म दिवस पर उर्दू दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षकों सहित विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। बच्चों ने भाषण व क्विज कार्यक्रम में भाग लिया। उर्दू के वरिष्ठ शायर अल्लामा इकबाल का जन्म 9 नवंबर 1877 को हुआ। उन्हीं के जन्म दिवस पर अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस माना जाता है। अंजुम आरा ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से होती है। हमें गर्व है कि उर्दू हमारी मातृ भाषा के साथ अंतराष्ट्रीय भाषा का दर्जा रखती है। स्कूल के डायरेक्टर नबील मोहम्मद ने अल्लामा इकबाल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इकबाल जहां उर्दू व फारसी के शायर रहे वहीं अंग्रेजी, जर्मनी भाषा के भी शिक्षक रहे और दर्शनशास्त्र में एक स्थान रखते हैं। हमारा कौमी तराना सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा उनकी ही देन है। मौके पर भाषण व क्विज मे भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्या अंजुम आरा, मो जावेद अली, समर सलीम, मो फैसल, नगमा नाज, नबीला हसन, मो सरफराज व कुमारी ममता ने उल्लेखनीय भूमिका अदा की।

### मायुमं के नि:शुल्क शिविर में 250 लोगों ने करायी गंभीर बीमारी की जांच




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा एवं सुरभि शाखा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुए दो दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर में 250 लोगो ने मैमोग्राफी, प्रोस्टेट, सर्विक्स आदि जैसी गंभीर बीमारी की जांच कराई। दूसरे दिन गुरूवार को समापन के मौके पर मेहरबाई टाटा कैंसर हॉस्पिटल के अधीक्षक अमिताभ चटर्जी ने युवा मंच के इस प्रयास की तारीफ की और कहा कि कैंसर मुक्त जमशेदपुर बनाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच के साथ मिलकर आगे भी कार्य करना चाहेंगे। इस नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर में मुख्य रूप से मुख कैंसर हेतु डा मुकेश पटवारी, गाइनेकोलॉजिस्ट डा सुमित्रा तिवारी, ऑनकोलॉजिस्ट डा शायल्या पाल, एवं जनरल फिजिशियन डा एस के प्रसाद ने अपनी सेवा दे कर शिविर में आए सभी लोगों को परामर्श दिया। कार्यक्रम संयोजक कौशल अग्रवाल ने समाजसेवी पियूष अडेसरा, संजय देबूका एवं अरुण बांकरेवाल, उषा चौधरी, निधि अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, निलय अग्रवाल, पारुल चेतानी, अजय चेतानी, अरुण गुप्ता समेत मोबाइल वैन के टेक्नीशियन का आभार प्रकट किया।

## स्पीड न्यूज

### सोशल एक्टिविस्ट डॉ शर्मा का सम्मान कल



**जमशेदपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन, टाटा स्टील के प्रेसिडेंट और टिनप्लेट कंपनी के एमडी रह चुके डॉ आरएन शर्मा को जमशेदपुर सिटिजंस फोरम की ओर से 12 नवंबर को शाम 4 बजे श्रीकृष्ण सेवा संस्थान सभागार में सम्मानित किया जायेगा। फोरम के अध्यक्ष एके श्रीवास्तव ने बताया कि 99 वर्षीय डॉ आरएन शर्मा जमशेदपुर सिटीजन फोरम के मुख्य संरक्षक, चेयरमैन, आर्य समाज, मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल इसके अतिरिक्त देश और विदेशों के बहुत सी नामी-गिरामी, शैक्षणिक और सामाजिक दायित्व निभाने वाले संस्थाओं के निदेशक के पद पर दायित्व निभा रहे हैं।

### दुकान में ही जल कर मर गया दुकानदार

**चाकुलिया।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया थाना क्षेत्र के मटियाबांधी पंचायत अंतर्गत जमुना में सड़क किनारे दुकान चलाने वाले सुशील महतो 56 वर्ष की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई। घटनाक्रम के मुताबिक सुशील महतो बुधवार की रात अपने दुकान में ही सोये थे। दुकान में अन्य सामान के अलावा पेट्रोल भी रखा हुआ था। जिसे वे ग्रामीण बाइक सवारों को खुदरा बेचते थे। किसी कारणवश उनके कच्चे मकान में आग लग गई जो पेट्रोल के कारण तेजी से फैल गई।

### टीएमएच में इलाज का खर्च बढ़ाना जेएन टाटा के सपने के खिलाफ : नंदजी प्रसाद

**जमशेदपुर।** भाजपा पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी नंदजी प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा टाटा मेन हॉस्पिटल प्रबंधन और टाटा स्टील प्रबंधन एक सुनियोजित साजिश के तहत टीएमएच में इलाज में मनमानी वृद्धि कर दी है, इसे जरूरतमंद और बीमारों के परिजनों पर महंगाई की और एक मार पड़ेगी। जबकि जेएन टाटा ने शहर स्थापना के समय से एक सामाजिक सोच के तहत कंपनी का परिचालन करते आ रही थी, इससे कंपनियों के पदाधिकारी कर्मचारी के अलावा जमशेदपुर के आम व गरीब लोगों का भी बेहतर इलाज होता रहा है। लेकिन कंपनी प्रबंधन ने अचानक बिना सोचे समझे इलाज की फीस की मनमानी वृद्धि करने का काम की है, इससे गरीबों को अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही अघोषित आर्थिक दंड देने का काम किया है जो और आपत्तिजनक है इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

### ऑल इंडिया रिस्कु प्रतियोगिता 14-18 तक

**जादूगोड़ा।** ऑल इंडिया रिस्कु प्रतियोगिता 14-18 नंबर तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित की गई है। इधर, इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यूसील की जादूगोड़ा टीम गुरुवार को जमशेदपुर से आनंद विहार ट्रेन से राजस्थान के लिए रवाना हो गई। आगामी 12 नवंबर को यूसील की टीम राजस्थान पहुंचेगी व 14 18 नवंबर तक चलने वाली रिस्कू प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में यूसील समेत हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड खेतड़ी माइंस, हाटी गोल्ड माइंस, मॉयल (नागपुर) व कोल माइंस समेत विभिन्न राज्यों की माइंस से जुड़ी कंपनी के प्रतिनिधि रिस्कू टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। वही 21 नंबर को यूसील की टीम वापस लौटेगी।

## मानगो स्वर्णरेखा नदी पर तीसरे पुल और फ्लाई ओवर के लिए 474.78 करोड़ स्वीकृत

# जमशेदपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगी यह योजना : बन्ना गुप्ता

➲ झारखंड कैबिनेट की स्वीकृति की मुहर लगने से स्वास्थ्य मंत्री हुए बम-बम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड सरकार के मंत्री परिषद ने स्वर्णरेखा नदी पर मानगो पुल निर्माण एवं जमशेदपुर का पहला फ्लाई ओवर योजना के मद में 474 करोड़ 78 लाख 27 हजार 07 सौ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी। तीन दिन पूर्व ही इस प्रोजेक्ट का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोपाल मैदान से ऑन लाइन शिलान्यास किया था। प्रोजेक्ट को कैबिनेट की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपनी खुशी जताते हुए कहा है कि इस उच्च स्तरीय पुल निर्माण एवं इलेवेटेड एप्रोचेज के माध्यम से मानगो एवं आजाद बस्ती को साकची से जोड़ने का प्रस्ताव है। इस पुल की अनुमानित लंबाई 3.5 से अधिक करीब 04 किमी होगी।

बन्ना गुप्ता ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आज का दिन जमशेदपुर के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा। मेरा सपना और संकल्प था कि मानगो की जनता को जाम से मुक्ति दिलाऊ और मेट्रो सिटी के तर्ज पर अपने शहर जमशेदपुर की जनता को विश्व स्तरीय सुविधायें दिलवाऊ। आज



मुझे पता है कि जमशेद जी टाटा की आत्मा भी बहुत खुश होगी आखिर उनके सपनों का जमशेदपुर आज अपनी परिकल्पना पूरी कर रहा है। जमशेदपुर की जनता ने जिस प्यार और आशीर्वाद के साथ मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुनकर सेवा करने का मौका दिया है उसी सेवा के तहत आज मानगो और जमशेदपुर की जनता को मेरी तरफ से सौगात है। मानगो पुल निर्माण और फ्लाई ओवर में जमशेदपुर की जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि बहुत जल्द इसका कार्य प्रारंभ होगा और मेरी निगरानी में इसका गुणवतापूर्ण निर्माण होगा।

बन्ना गुप्ता ने आगे कहा कि कुछ ऐसे लोग थे जिन्होने मेरी इस परिकल्पना को झूठा और सत्य से परे भी कहा था बल्कि इस योजना के खिलाफ षडयंत्र भी रचा था। विभिन्न अखबारों में और सोशल मिडिया में दुषप्रचार किया था कि न तो मानगो में तीसरा पुल बन सकता है और ही फ्लाई ओवर। किसी ने तो यह भी कहा था कि कोई समझ से परे व्यक्ति ही ऐसी कोरी कल्पना कर सकता है। ये स्वीकृति मेरा जवाब है।

उनका कहना है कि यह सरकार जनता का, जनता के लिए जनता के द्वारा चुनी गई सरकार है। जो हर बाधाविघ्न को दूर कर नियमों का पालन करते हुए दृढनिश्चय सच्ची निष्ठा और ईमानदारी के साथ राज्य की सवा तीन करोड जनता के हित और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। जिसका आर्शिवाद निश्चित तौर पर सरकार को मिलेगा। इस पुनित कार्य के लिए जमशेदपुर की जनता की ओर से मैं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भी बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं। जिनके सहयोग से ही मैं यह कार्य संभव कर पाया हूं।

## रांची से जयपुर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू

➲ सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का प्रयास रंग लाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री विगत एक वर्ष से रांची से जयपुर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू करने के लिए मांग उठा रही थी। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने सभी को बधाई देते हुए कहा की एक वर्ष से रांची से जयपुर तक के हवाई सेवा शुरू करने के लिए मांग उठा रही थी, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया, मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत, झारखंड राज्यपाल रमेश बैश एवं मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन से रांची से जयपुर के लिए सीधी उड़ान शुरू करने का अनुरोध किया गया था, साथ ही झारखंड से सभी सांसदों, विधायकों से भी अनुरोध किया गया था।



विजय आनंद मूनका।

## एमजीएम : बेकार पड़े पार्किंग स्थल को वार्ड में परिवर्तित कर लगाये गये 15 बेड

➲ एमजीएम अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का विस्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार को लेकर राज्य सरकार के साथ साथ जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। जिला उपायुक्त विजया जाधव के कुशल नेतृत्व एवं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सह एमजीएम प्रशासक नंदकिशोर लाल की निगरानी में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। निर्धारित समयावधि में आधारभूत संरचना निर्माण कराना हो या चिकित्सीय सुविधाओं में वृद्धि, जिला प्रशासन द्वारा सजगता से प्रयास किये जा रहे हैं। कोल्हान प्रमंडल के सबसे बड़े अस्पताल एमजीएम में मरीजों की भीड़ को देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में बेड की कमी के मद्देनजर इमरजेंसी का विस्तार किया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिला उपायुक्त द्वारा एमजीएम अस्पताल निरीक्षण के क्रम में तथा विभिन्न मीडिया माध्यमों से भी एमजीएम में जमीन पर लिटाकर मरीजों के इलाज के मामले संज्ञान में आये थे, इसी को देखते हुए जिला उपायुक्त ने इमरजेंसी वार्ड के सामने बेकार पड़े पार्किंग स्थल को वार्ड में परिवर्तन के निर्देश दिये थे, जिसका निर्माण पूर्ण कर विस्तारित इमरजेंसी वार्ड में 15 बेड लगाते हुए मरीजों की सेवा में समर्पित किया गया है।



विस्तारित इमर्जेंसी वार्ड का अवलोकन करते एमजीएम के प्रभारी एवं एडीएम नंद किशोर लाल।

## कोटक म्युचुअल फंड की योजनाएं निवेशक स्नेही हैं : मनीष मेहता

➲ कोटक म्यूचुअल फंड एसआइपी के 29 लाख खाते निवेशकों के विश्वास का प्रमाण : नेशनल हेड

➲ केएमएफ ने निवेश के प्रभावी साधन के रूप में एसआईपी के प्रचार-प्रसार को दिया बढ़ावा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) के लिए यह वित्त-वर्ष बेहद उत्साहजनक रहा है। अपने उत्पादों पर विशेष ध्यान देने की हमारी रणनीति ने वितरण नेटवर्क में अपने दायरे का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने परिसंपत्ति की सभी श्रेणियों में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयुएम) में शानदार वृद्धि दर्ज की है। वर्तमान में, कोटक म्यूचुअल फंड में एसआईपी खातों की संख्या 29 लाख से अधिक (30 सितंबर, 2022 तक) है, जिसके माध्यम से निवेशक इसकी म्यूचुअल फंड योजनाओं में नियमित रूप से निवेश करते हैं। कोटक म्यूचुअल फंड के निवेशकों के बीच कोटक फ्लेक्सीकैप फंड, कोटक ब्लूचिप, कोटक इमर्जिंग इक्विटी और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटीज जैसे उत्पाद बेहद लोकप्रिय हैं। इस संबंध में गुरूवार को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में मनीष मेहता, नैशनल हेड, सेल्स, मार्केटिंग एवं डिजिटल बिजनेस, कोटक एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग का बड़ी तेजी से विकास हुआ है।



संवाददाता सम्मेलन में बोलते मनीष मेहता।

## आरवीएस अकादमी में अग्नि सुरक्षा प्रदर्शनी संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, मानगो, जमशेदपुर के सेफ्टी क्लब ने 10 नवंबर 2022 को अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन का आयोजन किया। फेस्को के प्रशिक्षित कर्मचारियों ने छात्रों और शिक्षकों को आग के खतरों के बारे में बताया और आग लगने पर खुद को और दूसरों को खतरनाक प्रभावों से बचाने के उपायों के बारे में भी बताया। इस तथ्य को ऋ्रउड के एक अधिकारी के भाषण में उजागर किया गया था। विभिन्न तरीकों से अग्निशमन को दशार्ने वाला व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाया गया। मौके पर उप प्राचार्य अनिता तिवारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। आग पर काबू पाने के लिए मॉक ड्रिल की गई। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों ने शिक्षकों के साथ भाग लिया। सुरक्षा हमारे जीवन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण तत्व है; इसलिए हमें किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।

## गोविंद विद्यालय में 22वीं वार्षिक विज्ञान, कला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर** । गुरुवार को गोविंद विद्यालय तमोलिया के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विद्यालय प्रांगण में वार्षिक विज्ञान, कला , खेल-कूद, सामाजिक ज्ञान व हस्तशिल्प प्रदर्शनी के अंतर्गत अनेक विषयों पर उत्कृष्ट, सृजनशील क्रियात्मक परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री कमल किशोर अग्रवाल राज्य प्रवक्ता झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशिष्ट अतिथि संदीप मुरारका अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन जाने-माने उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने किया। मौके पर निदेशक डॉ ब्रह्मदत्त शर्मा, प्रधानाचार्य जे पी होता, सचिव अभिषेक शर्मा, प्रशासिका कृष्णा मोदक, उप प्रधानाचार्या अनीता नंदी, जूनियर विंग की प्रभारी रीता चौधरी, जन-संपर्क पदाधिकारी राजेश शर्मा, शिक्षक-शिक्षिका व अभिभावक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कमल किशोर अग्रवाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं विद्यालय का इतना बड़ा प्रांगण देखकर और बच्चों द्वारा बनाए गए एक से एक परियोजनाओं को देखकर अभिभूत हूं यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र का नहीं बल्कि जमशेदपुर का प्रसिद्ध विद्यालय है मैं वादा करता हूं कि हर वर्ष दो निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करूंगा और साथ ही विशिष्ट अतिथि महोदय संदीप मुरारका जी ने मॉडर्न क्लासरूम बनाने का वचन दिया साथ ही इच्छा जाहिर की कि इस विद्यालय में बच्चों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा देखकर बार-बार आना चाहूंगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन नौशाद रजिया और इस्मत नाज ने किया। प्रदर्शनी के प्रभारी मोहम्मद इरफान और डॉली मंडल की देखरेख में बनाए गए सभी विषयों की परियोजनाओं का विभिन्न स्कूलों से आए निर्णायक मंडली के सदस्यों ने अपने-अपने विषयों से संबंधित परियोजनाओं का अवलोकन कर उन्हें पुरस्कृत किया।





प्रदर्शनी देखते मुख्य अतिथि कमल अग्रवाल।

## स्पीड न्यूज

### 13 को युवा सम्मेलन में जुटेंगे 500 युवक

**मेदिनीनगर।** युवा सम्मेलन न्यू टाउन हॉल परिसर में 13 नवंबर को किया जायेगा। जानकारी आयोजनकर्ता नितिश कुमार सिंह व रूपेश उपाध्याय ने दी। इसके मुख्य अतिथि प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी व सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक राजीव रंजन सिंह होंगे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता रांची मिनाक्षी नेत्रालय के डॉ अभिषेक सिंह, डॉ चंदन सिंह व डॉ विकास गुप्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पलामू प्रमंडल के युवाओं के समग्र विकास व उत्थान पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 युवा भाग लेंगे।

### टीम युवा शक्ति ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के कुर्मीपुर पंचायत में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त को टीम युवा शक्ति ने ज्ञापन सौंपा। उनको अवगत कराया गया कि ए के सिंह कॉलेज जपला के प्रोफेसर राम सुभाग सिंह ने छठ पूजा एवं हिंदू देवी देवता पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिससे आक्रोशित टीम युवा शक्ति ने हुसैनाबाद थाना में केस नंबर 277/22 दर्ज किया था। लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। ज्ञापन सौंपने वालों में राजीव रंजन सिंह, नीरज सिंह, गौरव सिंह, सूरज, विवेक विश्वकर्मा, सुमंत सिंह, अंकुल सिंह प्रमुख है।

### बोरे में बंद अज्ञात महिला का शव बरामद



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के झाबर गांव के बड़की आहर के समीप से बीते 27 अक्टूबर 2022 की रात्रि में पुलिस ने अज्ञात महिला का शव बोरे में बंद बरामद किया था। उक्त महिला की पहचान सरजा के गोविंद भुइयां की पत्नी रितु देवी (22) के रूप में हुआ है। मायके वालों के अनुसार रितु की शादी एक वर्ष पहले गोविंद से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही लड़का पक्ष के लोग दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया करते थे। मृतका की मां का आरोप है कि दामाद व उनके परिजन उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। उन्होंने बेटी की हत्या का आरोप दामाद, सास तथा गांव के एक अन्य व्यक्ति पर लगाया है। सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर बात नहीं हो सकी।

### जरूरतमंदों तक पहुंचेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : के एन त्रिपाठी



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीस सूत्री अध्यक्ष के कार्यालय का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव, बीडीओ अमिताभ भगत सीओ जे के मिश्रा व बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद नव मनोनीत बीस सूत्री सदस्यों ने प्रखंड के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रखंड के सभी जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। प्रखंड में बीस सूत्री कार्यालय खोलने से सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी को आसानी से मिल पायेगी। जिलाध्यक्ष कहा कि सबकी समस्याओं को सुना जायेगा तथा उसका समाधान किया जायेगा। बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने कहा कि एक परिवार के रूप में हम सभी मिलकर प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे। बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा कि प्रखंड की योजनाओं में भ्रष्टाचार का नामोनिशान नहीं मिलेगा। मौके पर बीस सूत्री सदस्य गरिमा साहनी, जतरू उरांव, प्रेम प्रकाश ठाकुर, नौशाद अंसारी, राकेश सिन्हा एवं हसन अंसारी उपस्थित थे।

### सितंबर-अक्टूबर माह में पीएम आवास पूर्ण कराने में पलामू पूरे राज्य में अव्वल

**मेदिनीनगर।** जिले में पीएम आवास योजना- ग्रामीण के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीडीसी मेघा भारद्वाज गंभीर हैं। जिले में लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर डीडीसी कभी गूगल मिट तो कभी क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर रही हैं। उनकी सक्रियता के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं जिसका असर ये है कि सितंबर व अक्टूबर माह में पीएम आवास ग्रामीण के तहत आवास पूर्ण करने के मामलें में पलामू पूरे राज्य में अव्वल रहा है। सितंबर माह में जिले में 6667 इकाई आवास पूर्ण कराया गया है, वहीं अक्टूबर में 3933 आवास पूर्ण कराया गया है जो राज्य में सबसे अधिक है। 31 मार्च तक लंबित आवासों को पूर्ण करने के निर्देश

### विहिप के जिला सह मंत्री अमित को पितृ शोक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री अमित तिवारी के पिता आनंद तिवारी (रेड़मा) का आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलने पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शोक जताया। अंतिम यात्रा में विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप दास, समरसता सह प्रमुख शशि भूषण मिश्र, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक चौबे, चैनपुर प्रखंड विहिप अध्यक्ष आनंद चौरसिया, नगर विहिप उपाध्यक्ष विकाश कश्यप, बजरंगी, अमलेश पासवान, धीरज गुप्ता, उमेश साहू आदि थे।

### निःस्वार्थ मानवता के पुजारी ही भगवान का स्वरूप होते हैं : कौशल जायसवाल



**गारू, लातेहार।** पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले में गारू प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत फलदार और पूजनीय पौधा लगाकर गुरु नानक देव जी की जयंती मनाई। पर्यावरणविद कौशल ने पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए कहा कि जो देता है उसे ही देवता कहा जाता है। गुरु नानक देव जी ने जनों की सुरक्षा के लिए मुस्लिम कवि मदार्ना के साथ लेकर दोनों समुदाय के बीच की दूरियों को कम किया था। गुरुबानी की संगीत में उनकी गहरी पैठ थी। कार्यक्रम का समापन भगवान शिव के समान वृक्षों पर रक्षाबंधन कर उसे बचाने के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ वार्डेन रेश्मा लकड़ा, शिक्षिका, जिनदीरोस किंडो, संगीता मंजुला टोप्पो, मेरीस्तेला कुजूर, सजीता तिग्गा, विनीता मींज, रोड्स क्वाड आदि शामिल थी।

# स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को चयनित केजी स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता जांचने पहुंचे पलामू आयुक्त

- विद्यालय में गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित कराने का निर्देश
- लिपिक को निलंबित करने व प्रभारी प्राचार्या से शो-कॉज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित राजकीय बालिका +2 उवि (केजी स्कूल) में शिक्षा की गुणवत्ता जांचने आयुक्त जटाशंकर चौधरी अचानक स्कूल पहुंचे। उन्होंने विद्यालय में गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित कराने एवं कमजोर छात्राओं के लिए रिमेडियल क्लास कराकर मेन स्ट्रीम में जोड़ने को कहा। उन्होंने शिक्षकों का लेसन प्लान बारीकी से चेक किया, तो पाया कि लेसन प्लान बनाने में शिक्षकों ने खानापूर्ति की है।

### जांच में खुलासा... चार घंटी ही क्लास लेते हैं शिक्षक



उन्होंने इसपर असंतोष जताते हुए पूरी विस्तृत रूप से लेसन प्लान तैयार करने एवं ईमानदारी से कक्षा लेते हुए क्षात्राओं को पढ़ाने पर बल दिया। शिक्षण व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रभारी प्राचार्या को विशेष ध्यान रखने को कहा। बातचीत में पता चला कि शिक्षक प्रतिदिन औसत 4 घंटी ही क्लास ले रहे हैं। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षकों को 6 घंटी क्लास लेने एवं कमजोर बच्चों को अलग से विशेष कक्षा चलाते हुए रिमेडियल क्लास कराकर उन्हें मेन स्ट्रिम में जोड़ने का सख्त निदेश दिया। आयुक्त ने विद्यालय में पदस्थापित पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों से शैक्षणिक जानकारी ली। उन्होंने पाया कि प्लस टू में गणित विषय में केवल 9 छात्राएं नामांकित हैं, जबकि नियमित रूप से 3 छात्राएं ही विद्यालय आती हैं। आयुक्त ने पीजीटी शिक्षक को ही प्लस टू वाले छात्राओं को पढ़ाने का निदेश दिया। एक पीजीटी गणित शिक्षक को वैसे दूसरे विद्यालय में तत्काल प्रतिनियोजन करने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया जहां गणित विषय के शिक्षक की कमी है। इससे संबंधित पदस्थापन प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भेजने का भी निदेश दिया। उन्होंने इस विद्यालय में महिला शिक्षकों को पदस्थापित करने पर जोर दिया। आयुक्त ने विद्यालय में प्रैक्टिकल कक्षाओं के संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने पिछले 6 माह से बंद पड़े प्रैक्टिकल कक्षाओं को तत्काल संचालित करते हुए रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

# योजनाओं का लाभ आपके घर पहुंचाना शिविर की एक मात्र प्राथमिकता : डीसी

- आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद के कुर्मीपुर में लगा शिविर
- शिविर में उपायुक्त का हुआ भव्य स्वागत, लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियां वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को जिले के 5 पंचायतों में शिविर लगाया गया जिसके तहत कुल 2872 आवेदन प्राप्त किए गए। हुसैनाबाद के कुर्मिपुर में लगाये गये शिविर में जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने भाग लिया। यहां कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त दोड्डे, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख व मुखिया ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### हर जरूरतमंद को मिलेगा योजनाओं का लाभ



उपायुक्त ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। उन्होंने सभी से ऑनलाइन आवेदन करने व उसकी पावती लेने की अपील की ताकि उनके आवेदन को कभी भी ट्रैक किया सके।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां वितरित :** कुर्मिपुर के शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 11 लाभुकों के बीच गैस चूल्हा का वितरण किया गया साथ ही 7 नये लाभुकों को ग्रीन राशन दिया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 लाभुकों को गृह प्रवेश हेतु सामग्री प्रदान किया गया। इसी तरह कृषि विभाग के तहत 5 लोगों को सरसों का बीज वितरण किया गया। वहीं सावित्री बाई फुले योजना के तहत 11 बच्चियों को चेक प्रदान किया गया। जेएसएलपीएस की 32 सखी मंडल की दीदियों के बीच 16 लाख का चेक दिया गया।

## कभी नाक पर रूमाल ढंक गुजरते थे लोग, आज वहीं कर रहे योग, मेयर बोलीं

# यह बदलता मेदिनीनगर है साहब...

- बड़ा तालाब के नव उद्घाटित पार्क में योगासन कर रहे हैं शहर के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** बड़ा तालाब के नव उद्घाटित पार्क में शहर के लोग योगासन कर रहे हैं। कभी गुजरने पर राहगीर नाक पर रूमाल रख लेते थे। लेकिन नगर निगम से पार्क बनने के बाद बड़ा तालाब की तस्वीर ही बदल गयी। महापौर अरुणा शंकर खुद गुरुवार को बड़ा तालाब स्थित पार्क का भ्रमण की। कहा, साहब यह बदलता मेदनीनगर है...। महापौर अरुणा शंकर सुबह-सुबह 6 बजे अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) घूमने और वहां की व्यवस्था देखने गयी।

### ...और घर से 50 योगा मैट मंगाकर लोगों के बीच बांटा मेयर ने

महापौर वहां महिला एवं पुरुषों को योग युवा पलामू द्वारा प्रतिदिन सुबह योगा कराते देख प्रसन्नता व्यक्त की और कहा यह बदलता मेदनीनगर है साहब...। जिस तालाब की ओर से गुजरते समय लोग नाक में रुमाल लगा लिया करते थे। आज उसी तालाब के मनोरम तट पर हमारे भाई बहने बैठकर स्वास क्रिया कर रहे हैं। महापौर ने तुरंत अपने आवास से योगा करने हेतु 50 योगा मैट मंगाकर उन सबके बीच वितरण किया। महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि मैं आप सब लोग को देख कर काफी उत्साहित हूं, यही मेरा पुरस्कार है। महापौर ने पूरे तालाब का चक्कर लगाकर सैकड़ों मॉर्निंग वॉकर से मिल पार्क को बेहतर बनाने के सुझाव लिये। साथ ही सफाई के नोडल प्रभारी इश्तियाक खान को निर्देशित किया कि पूरे पार्क की सफाई व्यवस्था बढ़ाई जाए। महापौर ने कहा कि मैं खुद समय-समय पर व्यवस्था देखने आती रहूंगी। महापौर ने कहा यहां साउंड सिस्टम लगा है कल से सुबह-सुबह गायत्री मंत्र और देश भक्ति गीत सुबह 6:00 से 7:30 तक बजेगा ताकि लोग मॉर्निंग वॉक के साथ संगीत का भी आनंद ले सके। महापौर ने जल्द वहां एक गार्ड रखने हेतु निगम के पदाधिकारी को निर्देशित किया और योग युवा पलामू संस्था से भी अनुरोध किया है की इस तालाब की देखरेख योग युवा पलामू करें। उन लोगों को मुझसे जो सहयोग चाहिए। मैं करूंगी। महापौर ने तालाब पर मास्क लाइट लगाने की भी घोषणा की ताकि पार्क पूरा प्रकाश युक्त रहे और लोग रात को भी पार्क का लुफ्त उठा सके।

# पड़वा में भाजपाइयों ने किया भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन

- झारखंड में मची है खनिज संपदा की लूट, सरकार से मिल रहा संरक्षण : मनोज भुइयां
- राज्य की पूरी व्यवस्था चौपट, अनाप-शनाप बोलने में जुटे हैं सीएम-मंत्री : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा द्वारा आहूत कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पड़वा में हेमंत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। पड़वा बाजार से जुलूस के रूप में भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे जहां जोरदार प्रदर्शन किया गया। जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का नारा लगा रहे थे व हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे।





प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेता कर्नल संजय, पूर्व सांसद व अन्य।

### विधायक-मंत्री मालामाल और जनता फटेहाल

विरोध प्रदर्शन में प्रभारी के रूप में भाजपा के वरीय नेता कर्नल डॉ संजय सिंह व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भाग लिया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित धरना में वक्ताओं ने कहा कि राज्य में सरकार के संरक्षण में कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थों की लूट मची हुई है। झारखंड का बालू, पत्थर अवैध खनन कर दूसरे राज्यों में भेज दिया जा रहा है। यहां के गरीबों को आवास बनाने के लिए भी बालु नहीं मिल पा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाये जा रहे आंदोलन से वर्तमान सरकार पूरी तरह से भयभीत हो गयी है। राज्य सीएम और मंत्री अनाप शनाप बयान बोलने लगे हैं। राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई। राज्य के सत्ता पक्ष के विधायक से लेकर मंत्री तक मालामाल हो रहे हैं और जनता फटेहाल हो गई है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, अशोक तिवारी, अभय मिश्रा, जितेंद्र चंद्रवंशी, राकेश पांडेय, निरंजन प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, रामबालक मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# रांची के प्रभात तारा हाईस्कूल के पूर्ववर्ती छात्रों का हुआ सम्मेलन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/मेदिनीनगर।** रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा हाईस्कूल में 10वीं के 1989 बैच के विद्यार्थियों का सम्मेलन बिरसा चौक स्थित रासो होटल में हुआ। 33 साल बाद अपने मित्रों से मिलने पर लोगों में काफी उत्साह दिखा। सम्मेलन में दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर, इंदौर, भोपाल, रांची, जमशेदपुर, श्रीनगर, नोएडा आदि शहरों में रहने वाले 42 लोग शामिल हुए। विदेशों में रहने वाले चार लोग जूम एप से अपने पुराने मित्रों से बात किये। सम्मेलन में शामिल लोगों ने कहा कि 33 साल अपने मित्रों से मिलने पर पुरानी यादें ताजा हो गयीं। विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने अपने अपने बारे में लोगों बताया। इसे सफल बनाने में प्रदीप कुमार, संजय कुमार, ममता बाजराय, गालीब जमाल जुटे थे।

# राजद प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन आंदोलन तेज करने का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शिक्षकों ने आंदोलन तेज करने का लिया संकल्प। केंद्रीय समिति द्वारा निधारित दूसरे चरण के आंदोलन में यूपीए फोल्डर के राजद के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधानसभा सभा से दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके संजय कुमार सिंह यादव से ब्लॉक रोड पुरंदर बिगहा स्थित मकान पर अजाप्टा हुसैनाबाद व हैदरनगर ने सैकड़ों शिक्षकों ने मुलाकात की और चल रहे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मदद की गुहार की। प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने चार सूत्री मांगों से अवगत कराया। मांगों की प्रति उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षा शिक्षक के हित चलाये जा रहे आंदोलन राज्य के गरीब गुरबों के बच्चों के हित में है, गैर शैक्षणिक कार्यों से पढ़ाई बाधित हो रही है, करीबी का अनुभव है। मौके पर संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि आपसब मेरे ऊपर विश्वास रखिए अधिकारियों से मिलूंगा और आप सभी की लड़ाई को लड़ूंगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, प्रमंडलीय सोशल मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता आदि थे।

### पूर्व मुखिया ने नगर पंचायत चुनाव में मांगा सहयोग



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत चुनाव को देख संभावित प्रत्याशियों ने क्षेत्र में सक्रियता तेज कर दी है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार पूर्व मुखिया सरोज कुशवाहा ने अंबा का भ्रमण कर लोगों से नगर पंचायत चुनाव में समर्थन की अपील की। साथ ही गांव के शंकर स्थान का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की। मौके राम आशीष मेहता, रविंद्र मेहता, गुड्डू मेहता, राजू मेहता, संजीव पासवान, राम किशुन यादव,दिलीप मेहता, भीष्म ठाकुर, कामदेव शर्मा, अरविंद मेहता, संदीप मेहता, विकास विश्वकर्मा, रामजन्म मेहता सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### झारखंड में लूट और भ्रष्टाचार हावी है : भाजपा



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रदेश भाजपा के अह्वान पर हेमंत सरकार के खिलाफ नौडीहा बाजार प्रखंड के समक्ष पार्टी कार्यकर्ताओ ने हेमंत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पाटन-छतरपुर के विधायक पुष्पा देवी एवम पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयां मौजूद थे। पूर्व सांसद ने कहा कि जब से हेमंत सरकार इस राज्य में आयी है तब से लूट और भ्रष्टाचार निरंतर चल रही है। यह सरकार आदिवासी और महिला विरोधी है। मौके पर पशुपालन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि बीडीओ पर सीधे निशान साधते हुए कहा कि नौडीहा बाजार के अधिकारी और कर्मचारी सब बेलगाम हो गये। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल पाठक, रौशन कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार भुइयां, अशोक यादव, नरेश यादव समेत कई कार्यकर्ता एवम ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# विधायक को प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नाम का ज्ञापन युवा भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को सौंपा। ज्ञापन में संघ ने शिक्षा व शिक्षक हित से जुड़े मुद्दों के समाधान में विधायक से सहयोग मांगा है। ज्ञापन में संघ का चार सूत्री मांग भी शामिल है। डॉ ईश्वर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन विधायक को तुरंत भेज देंगे। शिक्षा और शिक्षक की भलाई हेतु हरसंभव प्रयास होगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व वरीय भाजपा नेता सह गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय भी थे। मौके पर मनोज द्विवेदी, मुस्ताक अंसारी, विनोद दीक्षित, दिलीप पाल, सतीश सिन्हा, लाल कृष्ण भारद्वाज आदि थे।

### ब्राह्मण महासभा की बैठक 13 को

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 13 नवंबर को होगी। जानकारी महासभा के अध्यक्ष अजय तिवारी ने दी। बताया कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के रांची रोड रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी के समीप महासभा के कार्यालय में बैठक होगी। सुबह 11 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू किया जायेगा। बैठक में महासभा की गतिविधियों को तेज करने, सांगठनिक मजबूती, सदस्यता अभियान की समीक्षा किया जायेगा। इसके अलावा जिले के जिस गांव में ब्राह्मण परिवार के लोग रहते हैं वहां महासभा भ्रमण कार्यक्रम करायेगा।

# कोसियारा के 20 किसानों को मिला सरसों का बीज

- >> किसानों को आत्मनिर्भर बनाने को सरकार संकल्पित : बीडीओ
- >> किसानों को सरकारी सहयोग की जरूरत : मुन्ना पांडेय



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** गुरुवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड के कोसियारा के बीस किसानों के बीच सरसों का उन्नत बीज बांटा गया। बीज वितरण बीडीओ गिरिवर मिंज, उपप्रमुख गायत्री देवी, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष ब्रजेश पांडेय (मुन्ना) ने किया। बीडीओ ने बताया कि ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी के तहत एनएफएसए के अंतर्गत सरसों का बीज दिया गया है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनायें। क्योंकि जबतक किसान खुशहाल नहीं होंगे तब तक राज्य व देश का सर्वांगीण विकास नहीं हो पायेगा। मुन्ना ने कहा कि प्रशासन किसानों को उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों को सरकारी सहयोग जरूरी बताया है।

### परिवार नियोजन का उद्देश्य जितना छोटा परिवार उतनी ही ज्यादा खुशियां हजार : डॉ लिली एस्टेला



**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लिली एस्टेला पूर्ति एव संचालन बीपीएम पंकज पाण्डेय ने की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लिली ने बताया कि परिवार नियोजन का उद्देश्य जितना छोटा परिवार उतनी ज्यादा खुशियां है। जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मियों की जिम्मेदारी बनती है कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों के निवासियों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी देते रहे।उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बेहतर क्रियान्वयन से शिशु मृत्यु दर तथा मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। साथ ही इसे अपनाने के लिए भी प्रेरित करना जरूरी है।

# उर्दू मवि में अल्लामा इकबाल के जन्म दिवस पर करायी गयी सुलेख प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** आल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के तत्वधान में अल्लामा इकबाल के जन्मदिवस आलमी उर्दू डे के मौके पर रा. उर्दू म. वि. हुसैनाबाद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता उर्दू मवि हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने की जबकि संचालन शिक्षक मो जुबैर अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी थे। मौके पर शिक्षक



प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि।

इशरत हुसैन ने बताया कि अल्लामा इकबाल अविभाजित भारत के महान उर्दू शायर एवं फिलास्फर थे। उन्होंने उर्दू शायरी को ऊंचे मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने कई नज्म एवं शायरी लिखी जो आज भी प्रासंगिक हैं। सुलेख लिखने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार भी बांटा गया। उपाध्यक्ष ने कहा कि यह उर्दू स्कूल है और उर्दू की अच्छी पढ़ाई होती है और भी अच्छा करने की कोशिश करनी चाहिए। सिबतैन मिर्जा ने कहा कि एक कहावत है कि अगर किसी कौम को मिटाना हो तो पहले उसकी जबान मिटा दो। अतः हमें अपनी जबान और तहजीब को बचाना जरूरी है। पुरस्कार पाने वाले में कहकशां परवीन, नगमा शाहीन, अफीफा नाज, सैयद जामिन, चाहत परवीन, फिरोजी अशरफी आदि 15 विद्यार्थी थे। मौके पर इम्तेयाज आलम, एस एम रजा, सोनू खां उर्फ मिथुन शिक्षक मो नईम, जफीरुद्दीन, मो फारुक, औरंगजेब आदि उपस्थित थे।

# समाजसेवी राजीव रंजन ने शहर में लगे कूड़े के ढेर को निजी खर्चे से साफ कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने हरिहरगंज मेन बाजार कांजी हाउस तथा पाठशाला के समीप लगे कूड़ा व गंदगी को अपने निजी खर्च से साफ करवाया है। मालूम हो कि उक्त स्थान पर महीनों से कूड़ा व गंदगी जमा पढ़ा था। परंतु नगर पंचायत इसकी सफाई नहीं करा रही थी। इसे देख लोगों ने समाजसेवी राजीव रंजन को समस्या बताया।

तत्काल उन्होंने ट्रैक्टर व मजदूर लगाकर कूड़ा का उचित निस्तारण भी कराया। जिससे गंदगी और बदबू से लोगों को निजात मिली। साथ ही आसपास के लोगों के



राह पर पड़े कूड़े-कचरे को हटवाते समाजसेवी राजीव रंजन व अन्य।

अलावा दुकानदारों ने राहत की सांस ली। शहर के लोगों ने जनहित के कार्य करने के लिए समाजसेवी की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर कृष्ण कुमार क्रांतिकारी, गोपाल प्रसाद, टंटू मिश्रा, पंकज सोनी, रामजीत पासवान, पंकज पासवान, सचिन कुमार, विजय प्रजापति, छोटू गोस्वामी, शंभु यादव, शशि मेहता, मनीष गुप्ता आदि मौजूद थे।

# मरे हुए लोगों पर पुलिस ने करायी एफआइआर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** सारठ पुलिस की कार्यशैली इन दिनों क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रही हैं। पुलिस ने क्षेत्र के एक मामले से जुड़ी कार्रवाई में एक दशक से भी पहले मर गये लोगों पर एफआईआर दर्ज किया है। मामला जरकाही बनझेटा गांव का है। जहां सूफी जमाल नामक युवक की हत्या हुई थी। बेटे की हत्या के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर परिजनों के साथ ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद पुलिस ने सभी पर प्राथमिकी दर्ज की थी। परिजन व ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आवाज उठायी और अब पुलिस हमें परेशान कर रही है। बताया कि सारठ पुलिस ने जिंदा के साथ मृत लोगों को भी नामजद आरोपी बना रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस प्रदर्शन करने वाले आरोपियों का पता पूछती है तो उन्हें कब्रिस्तान का पता बताना पड़ता है। क्योंकि कई का इंतकाल हो चुका है। सूफी जमाल की हत्या के बाद परिवार ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमें सिराज अंसारी समेत चार आरोपी का नाम दिया था। पुलिस ने सिराज



व अन्य को हिरासत में भी लिया था और दो दिन बाद छोड़ दिया। वहीं पुलिस ने जांच के बाद खुलासा किया कि मामले में किशोरी आरोपी है उसने हत्या की है। पुलिस ने किशोरी को गिरफ्तार भी किया और उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। लेकिन सूफी जमाल के परिजनों के मुताबिक पुलिस ने मामले का गलत उद्भेदन किया। आरोपी सिराज समेत तीन अन्य है। पुलिस की कार्रवाई से नाखुश परिजनों ने थाना के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद 11 सितंबर को परिजनों ने सड़क जाम किया। मामले में एएसआई अरबिंद कुमार ने 29 नामजद सहित 50 अज्ञात पर सड़क जाम कर आवागमन बाधित करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी में ऐसे लोगों के भी नाम दिये जिनका निधन हो चुका है और दूसरे राज्यों में रहते हैं। वहीं मामले में 10 अक्तूबर को आरोपी सिराज ने सरेंडर कर दिया और जेल में है। लेकिन तीन आरोपी अब भी फरार हैं। प्राथमिकी में नंबर आठ पर नसीम मियां, पिता रसूल मियां का नाम दर्ज है व प्राथमिकी में नंबर 21 पर गोद्दू मियां का नाम दर्ज है, जबकि नशीम मियां उर्फ गोद्दू मियां उर्फ निजामुद्दीन मियां एक ही व्यक्ति है जिनकी मृत्यु एक जुलाई 2022 को हो चुकी है। वही 23 नंबर पर रजन मियां का नाम दर्ज है, रजन मियां का नाम रियाज मियां भी है जिनकी मृत्यु आज से 12 वर्ष पूर्व 31 जनवरी 2012 को हो चुकी है। पुलिस ने आर बीजेपी इंटर विद्यालय बमनगामा में 11 में पढ़ने वाली नाबालिक छात्रा साहिना खातून को भी आरोपी बनाया है। मामला दर्ज होने के बाद व अब पढ़ने नहीं जाती। दर्ज नामों में याकूब मियां व उसकी पत्नी भी आरोपी है जबकि वे लोग वर्षो से चितरंजन में रहते है। वहीं अब्दुल कुदुस हैदराबाद में व कुतुब अंसारी आरा में रहता जिनके नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज हैं। पूर्व वार्ड सदस्य रहमूल अंसारी ने बताया कि पुलिस न्याय मांगने पर किस प्रकार तंग तबाह करती है, यह घटना देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है। नूर बानो बीबी सारठ ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। कहा की बेटे सूफी जमाल कि हत्या को लेकर पति ने मामला दर्ज कराया। सिराज समेत तीन अन्य को आरोपी बताया। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर न्याय की मांग पर सड़क पर बैठे तो पुलिस ने चारों बेटे, नाबालिक बेटी, बहू, चाचा, चाची, चचेरा भाई सहित कुल 18 परिवार के सदस्य को ही आरोपी बनाकर परेशान कर रही है।

## योजनाओं को आपस में बांटने के लिए एकजुट हुए संवेदक



**कोडरमा।** जिले में संवेदक संघ एक बार फिर से योजनाओं को आपस में सुलह कर सरकार को राजस्व को चूना लगाने में जुटे गए हैं। गुरुवार को संवेदक संघ के दर्जनों ठेकेदार अड्डी बंगला दुर्गा मंडप परिसर में नगर परिषद की ओर से निकाली गई योजनाओं को आपस में सुलह कर बांटने के लिए एकत्रित हुए। घंटों चली इस बैठक में संवेदकों ने नर्घ्रिणय लिया कि कोई भी संवेदक कम रेट चार्ट नहीं डालेगा। साथ ही आपस में योजनाओं को बांटकर तय कर लिया गया कि कौन सी योजना का कौन टेंडर डालेगा। बताते चलें 12 नवंबर को टेंडर का पेपर लिया जाना है, जबकि 14 नवंबर को योजनाओं का टेंडर होना है। निकाले गए टेंडर में सामुदायिक भवन, नाली निर्माण के अलावा विभिन्न जगहों पर स्लैब निर्माण का काम शामिल है। एकजुट हुए संवेदकों में संघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह, राजेश यादव, उपेंद्र सिंह, उमेश साव, रत्नेश कुमार, बबलू पांडेय, सुमन यादव, दीपक यादव, नवीन यादव, उमेश सिंह, रंजीत सिंह सहित दर्जनों संवेदक मौजूद थे।

## डायरिया का प्रकोप, आधा दर्जन लोग बीमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** डायरिया और मलेरिया का डेंजर जोन कहे जाने वाले लिट्टीपाड़ा प्रखंड में एक बार फिर डायरिया ने अपना पैर फैलाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला प्रखंड के सोनाधानी पंचायत के कलदम गांव का है। जहां डायरिया की चपेट में आने से गांव के आधा दर्जन लोग बीमार हो गए हैं। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर बीमारी से पीड़ित तीनों व्यक्ति को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उन सभी का बेहतर इलाज कर ठीक किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एहतेशाउद्दीन के नेतृत्व में स्वास्थ्य



विभाग की टीम ने गांव पहुंच कर डायरिया से ग्रसित चार ग्रामीणों का इलाज किया।

इसमें एक ही परिवार के तीन लोग बेटका किस्कू, पत्नी सुनीता हांसदा, बेटी तालामयी किस्कू व गांव के काहा किस्कू को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इलाज किया गया। डॉ. एहतेशाउद्दीन ने बताया कि डायरिया को पूरी तरह काबू करने और अन्य लोगों में इसका बैक्टीरिया नहीं पहुंचे, इसको लेकर गांव में स्वास्थ्य कैंप लगा कर सभी ग्रामीणों की जांच की गयी। उन्होंने बताया कि गांव के 150 लोगों की जांच की गयी, जिसमें 45 लोगों में डायरिया के आंशिक लक्षण पाये गये। इन सभी को दवा दी गयी है। डायरिया से बचाव के लिए जागरूक किया गया। साथ ही पांच लोगों को डायरिया से पीड़ित पाया गया। जिसे स्वास्थ्य टीम द्वारा इलाज कर ठीक कर दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि पहाड़ी मशरूम खाने से लोगों की तबीयत बिगड़ी है। पहाड़ी मशरूम को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। सोनाधानी पंचायत के कलदम गांव में फैले डायरिया का मुख्य कारण पहाड़ी मशरूम बताया जा रहा है।

स्वास्थ्य टीम ने बताया कि कुछ ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जिन लोगों को डायरिया हुआ है, वह पहाड़ी मशरूम खाने के कारण हुआ है। पहाड़ी मशरूम बरसात के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों के जंगलों में उगने वाले मशरूम हैं, जो देखने में काफी अजीब होता है। टीम ने बताया जमीन में उगने के करण जंगली मशरूम में अनेकों प्रकार का सूक्ष्म जीवाणु एवं बैक्टरिया होता है।

## लाखों की कमाई, फिर भी बेसिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** कोल्हान प्रमंडल और पश्चिमी सिंहभूम जिला का मुख्यालय होने के बाद भी चाईबासा बस स्टैंड मूलभूत सरकारी सुविधाओं का घोर अभाव है। यह बस स्टैंड भगवान भरोसे चल रहा है। सरकारी अनदेखी के कारण यह बस स्टैंड धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बस स्टैंड की इस स्थिति के बाद भी इस बस स्टैंड से प्रतिदिन विभिन्न जिले व राज्य के लिये लगभग 110 से 115 बसें खुलती हैं। हजारों यात्री यात्रा करते हैं। चाईबासा बस स्टैंड से सरकार को प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये का राजस्व भी बंदोबस्ती के रूप में मिलता है। इसके बाद भी यात्रियों के लिये पीने का स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। बस स्टैंड में ऑन पेमेंट शौचालय की व्यवस्था है। गंदगी के कारण यात्री इसका इस्तेमाल करने से भी परहेज करते हैं। बस ऑनर एसोसिएशन के अनुसार, लगभग 20 वर्ष पूर्व बस स्टैंड में सरकार द्वारा यात्रियों के बैठने के लिये हॉल बनाया गया था। जो मरम्मत के अभाव में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। हॉल की जर्जर अवस्था के कारण अक्सर छत का प्लास्टर टूट कर गिरता रहता है। प्लास्टर टूटने से कई बार यात्री जख्मी भी हो चुके हैं। हॉल की जर्जर अवस्था को देखकर कोई भी व्यक्ति यहां बैठने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। 20 वर्ष पूर्व जब बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। उस समय चाईबासा से केवल 20 से 30 बसे ही विभिन्न स्थानों के लिये रवाना होती थी। बस स्टैंड का निर्माण भी उसी अनुपात में किया गया था। फिलहाल बस स्टैंड से एक सौ अधिक बस चलती है। स्टैंड में जगह के अभाव में बस को सड़क पर ही रखना पड़ता है। जिस कारण दिन भर बस स्टैंड के आसपास सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। लगभग तीन वर्ष पूर्व जिला प्रशासन व नगर परिषद की ओर से चाईबासा में वर्तमान बस स्टैंड व बंद पड़े सरकारी बस स्टैंड को जोड़कर टर्मिनल बस स्टैंड बनाने की योजना लायी गयी थी। प्राइवेट बस स्टैंड को बहुद्देश्यीय बनाने के लिए लगभग सात वर्ष पूर्व से योजना बनायी जा रही है। सात वर्ष पूर्व बस स्टैंड के लिये साढ़े तीन करोड़ रुपये का डीपीआर तैयार किया गया था। डीपीआर नगर विकास विभाग रांची भी भेजा गया, लेकिन योजना की सरकारी अनुमति नहीं मिल सकी। तीन वर्ष पूर्व प्राइवेट व सरकारी बस स्टैंड को टर्मिनल बस स्टैंड बनाने का छह करोड़ का डीपीआर चाईबासा नगर परिषद ने नगर विकास विभाग रांची भेजा था। इस पर भी नगर विकास विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। टर्मिनल बस स्टैंड योजना के तहत एसी हॉल, वैंकेट हॉल, होटल, रहने के लिए लॉज, पार्क सहित सारी मूलभूत सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराना था। इस बस स्टैंड से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिला, बिहार के आरा, गया, पटना, औरंगाबाद, ओडिशा के जोड़ा, क्योंझर, बड़बिल, भुवनेश्वर व पुरी, पश्चिम बंगाल के खड़गपुर, पुरुलिया व कोलकाता के अलावा झारखंड में रांची, बोकारो, जमशेदपुर, घाटशिला के अलावा अन्य जगहों के लिए रोजाना एक सौ अधिक बसों का परिचालन होता है। इसके बाद भी सरकारी अनदेखी के कारण यहां मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। बस स्टैंड का 20 वर्ष पूर्व निर्माण हुआ था। उस समय यहां से मात्र 20 से 30 बस चलती थी। फिलहाल चाईबासा बस स्टैंड 110 से 115 बस चल रही है। जगह के अभाव में बस सड़क पर ही खड़ी रहती है। यात्रियों के बैठने के लिये बने भवन जर्जर अवस्था में है। अक्सर छत का प्लास्टर टूट कर गिरता है। अगर सरकार बस स्टैंड के लिये कुछ नहीं कर सकती है तो जिम्मेवारी एसोसिएशन को सौंप दी जाये। सारी व्यवस्था दुरूस्त हो जायेगी। चाईबासा बस स्टैंड के आधुनिकीकरण के लिये योजना तैयार कर सरकार को भेजा गया था लेकिन कागजी व अन्य कमी के कारण टेंडर की स्वीकृति नहीं मिल पायी है। अब इसके लिये नये सिरे से काम करना पड़ेगा। नगर परिषद क्षेत्र में कई महत्वकांक्षी योजना का चयन कर टेंडर की अनुमति के लिये सरकार को भेजा जा रहा है।

## पलामू में बढ़ी है पार्टी की लोकप्रियता: संजीव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजीव कुमार तिवारी, सुनील तिवारी व पार्टी के देवेन्द्र तिवारी ने हाल के दिनों झामुमो द्वारा पलामू व रांची में आहुत कार्यक्रमों के अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी नेताओं व कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा है कि राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व हो रहे जनहित के कार्यो से आमजनों में पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ रही है। नेताओं ने कहा कि जिलाध्यक्ष सहित सभी जिला के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ता, युवा नेता, महिला मोर्चा और सभी साथीगण के अथक परिश्रम से आज ये संभव हो सका है कि झामुमो पलामू में सबसे मजबूत एवं जमीनी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है।



यह सिर्फ हम सबों की एकजुटता एवं मजबूती से ही संभव हो सका है। साथ ही वैसे लोगों को चेतावनी देता हूं जो अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए पार्टी से ऊपर खुद को समझते हैं, पार्टी किसी के निजी लाभ के लिए नहीं है, पार्टी में रहना है तो जिम्मेदारी के साथ रहें। ऐसे लोग जो मीडिया में बने रहने के लिए उटपटांग खबर छपवाते हैं और अपने आप को संगठन से ऊपर समझते हैं, ऐसे लोग अपनी हरकतों से बाज आएं। नहीं तो संगठन ऐसे लोगों पर कड़ी अनुशासनात्मत करवाई करने को बाध्य होगा। पार्टी को बढ़ाने में सबों का यथाशक्ति बराबर योगदान है, किसी को सिर्फ आकर्षण का केंद्र बनने से बचना चाहिए। पार्टी आगे बढ़ेगी तो नेता का कद अपने आप ही ऊंचा हो जाता है। पार्टी से ऊपर जाने की सोचना गलत ही नहीं मूर्खता भी साबित होगी। वैसे नेता जो सोचते हैं कि चंद दिनों में पार्टी को बढ़ाया है, ऐसे अखबारी नेता कुछ बोलने से पहले संभल जाएं, वरना उन पर पार्टी द्वारा सख्त कारवाई की जाएगी, झामुमो के लिए यहां के लोगों ने कई आंदोलन किए हैं, जेल तक गए हैं। वो पार्टी और उसके कार्यकर्ताओं का सम्मान करने सीखें खुद को पार्टी से बड़ा समझना बंद करें।

### जिला साक्षरता समिति के कर्मियों ने की बैठक

## उपायुक्त से मिलकर दी जायेगी कार्यक्रम की जानकारी : शिवशंकर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला साक्षरता समिति के कर्मियों ने जिला साक्षरता समिति के कार्यालय में सचिव जिला साक्षरता समिति शिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन जिला प्रबंधक श्री रामानुग्रह सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में नव भारत साक्षरता अभियान के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में अपनी बातों को रखते हुए जिला सचिव ने कहा कि केंद्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का पत्र उपायुक्त को प्राप्त हो चुका है । पूर्व में कार्यरत साक्षरता कर्मी का जिक्र इस पत्र में नहीं है हम सभी कर्मियों का एक डेली गेट जल्द ही उपायुक्त से मिलकर 1995-96 से संचालित साक्षरता अभियान में किए गए कार्यों का लिखित जानकारी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन उपायुक्त अमित कुमार की अध्यक्षता में जिला साक्षरता समिति पलामू ने पलामू गढे पलामू का आयोजन किया जो पूरे देश स्तर पर एक चर्चा का विषय बना था । इस मोबाइल के जमाने में भी लोगों ने एक साथ किताब को पढ़ा था उन्हें जब पिछले 4 सालो से साक्षरता कर्मी नए कार्यक्रम का आस लगाए बैठे हैं।

## अझाप्रा शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**पाटन पलामू।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू ने पाटन-छतरपुर विस के विधायक के आवास पर जाकर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार जी को ज्ञापन सौंपा । संघ ने ज्ञापन के माध्यम से विधायक से अपनी मांगों को रखते हुए पहल कराने की मांग की है। मौके पर संघ अध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे, सचिव अमरेश कुमार सिंह, रामानुज प्रसाद, रामस्वरूप राम, नंदकिशोर प्रसाद इत्यादि सैकड़ों शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा एवं शिक्षक हित से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर समाधान कराया जाये अन्यथा शिक्षक मांगों के समर्थन में आंदोलन को बाध्य होंगे। शिक्षकों के लिए एमएसीपी की स्वीकृति, छठे वेतनमान में एक जनवरी 2008 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए न्यूनतम आरंभिक वेतन की विसंगति निराकरण की मांग की। साथ ही अंतर जिला स्थानांतरण नियमावली में संशोधन कराने की बात कही। कहा कि 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास के समीप धरना दिया जायेगा।

## सदर अस्पताल में रजिस्ट्रेशन शुल्क 5 रु. लिये जाने पर आपत्ति

**चाइबासा।** सदर अस्पताल चाईबासा में रजिस्ट्रेशन काउंटर से रजिस्ट्रेशन शुल्क 5 रूपये लिए जाने पर सामाजिक कार्यकर्ता राजाराम गुप्ता ने आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त को पत्र लिखकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सदर अस्पताल चाईबासा में अस्पताल प्रबंधन द्वारा 18 अक्टूबर 22 से ओपीडी एवं आपातकालीन कक्ष में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को निबंधन पर्ची बनवाने हेतु 5 रुपए भुगतान करना अनिवार्य किया गया है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनसमस्याओं का समाधान

## बीडीओ ने दी सरकार की योजनाओं की जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के लहलहे पंचायत भवन के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत, कार्यपालक पदाधिकारी विक्रम आनंद, पंचायत के मुखिया पूनम यादव , पंसस अर्पणा तिवारी , उप मुखिया पंचदेव साव समेत वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ श्री अमिताभ ने ग्रामीणों को सरकार के योजनाओं की जानकारी दी।

कहा कि सरकार की यह सोच हमेशा से रही है कि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। अगर योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त नहीं होगा, तो योजना बनाने का औचित्य क्या। किसी कारणवश अगर जरूरतमंद सरकार की योजनाओं तक अपनी पहुंच बनाने में असमर्थ हैं तो क्यों ना सरकार योजनाएं लेकर उनके दरवाजे तक पहुंचे। कार्यक्रम में प्रखंड स्तर के सभी कर्मियों के द्वारा पंचायत में स्टॉल लगाकर समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

मौके पर लहलहे मुखिया पुनम यादव और पंसस अर्पणा तिवारी ने वृद्ध महिलाओं को चिन्हित कर वृद्धा पेंशन की स्वीकृति दिलाई व अन्य लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी। 16 स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों के 485 आवेदन जमा किये गये।

मौके पर इंद्रेश प्रजापती, डॉ अनूप बिलियन लकडा, अजय सिह, पोलीकार्प तिर्की, लिना अग्रवाल, खुशबू सिह,अनिता कुमारी, सुमित वर्मा,मोहम्मद फैयाज, अरमान अनवर, मो० जफर, संदीप प्रजापति, सुभाष तिवारी, संजय यादव, गोपाल विश्वकर्मा, अकुश कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड के कटहर कलां पंचायत सचिवालय के प्रांगण में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ सत्यम कुमार, प्रमुख अजय साह, जिपस सदस्य अंजू यादव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी, मुखिया कलावती देवी, पंचायत समिति सदस्य ममता सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शारदा के बच्चियों के द्वारा राष्ट्रगान गाकर स्वागत किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए अलग-अलग स्टॉल



उद्घाटन करते बीडीओ सत्यम कुमार व अन्य

लगाकर लोगों की समस्या के निदान हेतु आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर बीडीओ सत्यम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाए गए स्टॉल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपकी समस्या को सुनने व उसे दूर करने को लेकर सरकार आपके दरवाजे पर चल कर आई है। मौके पर प्रखंड प्रमुख अजय साह, जिला परिषद सदस्य अंजू यादव, पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, प्रखंड कार्यालय के प्रान सहायक चोंहास एक्का, अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक अनुकूलित कच्छप, प्रखंड सहायक रवि रंजन कुमार, अजीत कुमार, सुरेंद्र सिंह, बीपीआरओ ओमप्रकाश सिंह, बीपीओ प्रभास पांडेय, पंचायत सचिव सुरेंद्र ठाकुर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, विनोद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं का लिया गया साप्ताहिक टेस्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से जिले के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल विकसित करने हेतु कई कार्य किये जा रहे है। प्रोजेक्ट रेल के माध्यम से हाई स्कूल व प्लस टू विद्यालयों के पश्चात अब प्राइमरी विद्यालयों में भी प्रोजेक्ट रेल के तहत सप्ताहिक टेस्ट परीक्षा की शुरुआत की गयी है। इसी क्रम में प्रोजेक्ट रेल के तहत जिले के लगभग सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा छठी, सातवीं व आठवीं के छात्र-छात्राओं का सप्ताहिक टेस्ट लिया गया। बच्चों का हिन्दी विषय का टेस्ट लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस साप्ताहिक टेस्ट में बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया, दूसरे दिनों के तुलना में आज सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति ज्यादा रही। विदित हो कि प्रश्न पत्र का पैटर्न स्कूल की वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था। साथ ही टेस्ट के पश्चात शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रश्न पत्र का पैटर्न व सही उत्तर बतलाया गया।

# अतिक्रमणकारियों के आगे प्रशासन नतमस्तक!

## हजारीबाग नगर आयुक्त के जून के आदेश पर अब तक कार्रवाई नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** मटवारी कृष्णापुरी तालाब, जबरा तालाब व सीढ़ी तालाब उर्फ बोध तालाब के किनारे सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के नगर आयुक्त के आदेश को सदर सीओ व सदर थाना प्रभारी ताक पर रख रहे हैं। अतिक्रमण हटाने को लेकर दो चिट्ठी नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने 24 व 25 जून को जारी की थी, जिसे उपायुक्त कार्यालय में रिसीव किया गया था। लेकिन, ऐसा लगता है कि वो चिट्ठी कहीं गुम हो गयी है।

नगर निगम कार्यालय से तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश जारी हो रहे हैं, लेकिन अतिक्रमण कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। कृष्णापुरी तालाब के दोनों ओर दूकान बनाये जा रहे हैं। नगर निगम प्रशासन सिर्फ कागजों में ही कार्रवाई कर रहा है और अंचल कार्यालय व सदर थाना प्रभारी कोई चिट्ठी नहीं मिलने का हवाला देकर मामले की लीपा-पोती में जुटे हैं।

नाम नहीं छापने की शर्त पर नगर निगम के एक कर्मचारी ने बताया कि निगम अपने कर्तव्य को निभा रहा है। हमलोग अतिक्रमण को लेकर सजग है। चिट्ठी जारी किये चार माह हो गए है लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कुछ नहीं हुआ है। कुछ नहीं तो जिला प्रशासन एक टीम भेजकर डिमार्केशन करवा दे। कहा कि नगर निगम के अंतर्गत थाना नंबर १४० मौजा आता है। जबकि खासमहल व गैरमजरुआ जमीन, नदी, नाला तालाब अंचल के अधीन आता है। जिला प्रशासन कार्रवाई को लेकर लिख के हमलोगो को आदेश दे तो हमलोग अतिक्रमण हटा देंगे। नगर निगम का मुख्य कार्य साफ-सफाई, पानी व टैक्स से सम्बंधित है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बिना आदेश के हमलोग नहीं हटा सकते। आप समझ सकते है कि ये मामला कितना पेचीदा है। हमलोगो को चिट्ठी दिए चार माह हो गए हैं लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हमलोग क्या कर सकते हैं।



कृष्णापुरी तालाब में अतिक्रमण कर जारी है निर्माण कार्य।

## 60 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड में लगभग 60 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया` किसानो में सरसों बीज की खेती को बढ़ावा देने व उत्पादन का लाभ लेने के उदेश्य से वितरित की गयी। कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया की किसान सरसों बीज की बुवाई अनिवार्य रूप से करें। खेतों में लगे सरसों की खेती का समय-समय पर विभाग द्वारा निरीक्षण की जाएगी ` सरसों की खेती कलस्टर आधारित करने की बात कही।

## बरही में पोक्सो एक्ट के अभियुक्त को भेजा जेल

**बरही।** बरही पुलिस ने कांड संख्या 417/22 के नामजद अभियुक्त अभिषेक कुमार पिता प्रदीप जयसवाल करियातपुर निवासी को केस अनुसंधानकर्ता एसआइ मनीषा टोप्पो ने ओडिया से गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## झंडा बैनर खोले जाने को लेकर थाना में दिया आवेदन

**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव मंडल अध्यक्ष द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। दिये गये आवेदन के अनुसार, प्रदेश इकाई द्वारा आहूत कार्यक्रम को लेकर 9 नवंबर को भाजपा का प्रचार वाहन प्रखंड के कई क्षेत्रों में घूम रहा था इसी दौरान शाम को लगभग 6:00 मिजार्पुर गांव में सुनसान जगह पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, अंकित राज दोनों के पिता योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे पिता स्वर्गीय भुनेश्वर चौबे तथा लगभग 10 से 15 व्यक्ति द्वारा प्रचार वाहन को रोकते हुए प्रचार वाहन में लगे झंडा एवं बैनर को खोलकर साथ ले गए एवं साउंड में बज रहे ऑडियो को भी मोबाइल से डिलीट कर दिया। साथ ही धमकी भी दी।

## अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में चलाए गए जांच अभियान के दौरान गुरुवार को कैथा घाट से अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टरों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## झाकोमयू ने सौंपा 25 सूत्री मांग पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन उरीमारी शाखा ने उरीमारी परियोजना कार्यालय में प्रबंधन को 25 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें मजदूरों व विस्थापितों की समस्याओं का अविलंब समाधान करने की मांग की गई है।

## छोटे भाई ने बड़े भाई पर जमीन हड़पने का लगाया आरोप

### कहा, किडनी दे बचायी जान, फिर भी की बेईमानी



अपने परिवार के साथ समरेश पाल।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रिश्ते में विश्वासघात का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की लाखो की संपत्ति हड़प ली है। वो भी उस भाई की जिसने अपने बड़े भाई की जान बचाने के लिए अपना गुर्दा (किडनी) तक उसको दान कर दिया। बताया जाता है कि सदर प्रखंड अंतर्गत इमली कोठी, खिरगांव कुणाल हॉस्पिटल के सामने रहने वाले समरेश कु. पाल ने अपने बड़े भाई राजेश कु. पाल को वर्ष 2011 में बेली व्यू लन्दन स्ट्रीट अस्पताल कोलकाता में किडनी देकर उनकी जान बचाई थी। राजेश कु. पाल उस वक्त जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। समरेश ने उस वक्त किडनी दान करने की बात पत्नी रीना पाल को भी नहीं बताया था। ना ही उन्होंने पुत्री अनन्या कुमारी, अंतरा कुमारी, अक्षरा कुमारी, पुत्र अक्षत पाल की भी तनिक चिंता की।

**क्या कहते हैं समरेश :** मामले पर समरेश ने कहा कि मैं अगर अपना किडनी भाई को नही देता तो शायद हमारी मां कमला पाल जीवित नहीं रहती। मेरी मां बड़े भाई के बिना कतई नही रह सकती थी। हम भी उन्हें पिता तुल्य समझते थे। मैंने उसी स्थिति में किडनी दान कर अपने बड़े भाई को बहुत ही मुश्किलों से ठीक किया। इसी दौरान बड़े भाई ने धोखाधड़ी व बेईमानी कर सारे कागजात अपने पास रख लिए। बाद में जब संपति को लेकर उनसे बात की तो मुझे और मेरे परिवार को फर्जी केस में फंसा दिया जिसमें मैंने जीत हासिल की। अपनी समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त, प्रखंड के सीओ, जन शिकायत कोषांग के तहत नगर निगम अधिकारी, रजिस्ट्रार ऑफिस को लिखित आवेदन देकर विभागीय जांच कर दोषी पर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगायी है।

## शिविर में पहुंच योजना का उठायें लाभ : अंबा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चकोर में आयोजित शिविर को संबोधित करतीं विधायक अंबा प्रसाद।

**भदानीनगर/बासल (रामगढ़)।** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत चिकोर पंचायत व बलकुदरा पंचायत भवन में गुरूवार को विशेष शिविर लगाया गया। चिकोर में कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सबिता तुरी व संचालन पंसस गीता देवी ने की। वहीं शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभात दत्ता, पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, रामफल बेदिया, गंगाधर महतो, उपमुखिया कृष्णा कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजू पांडेय व आजाद अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान चिकोर पैक्स द्वारा 21 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही छह किसानों का केसीसी फर्म भरा गया।

वहीं बलकुदरा पंचायत में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय, मुखिया विजय मुंडा, पंसस राजू मुंडा, दुर्गा सोरेन सेना रामगढ़ जिला सचिव नन्दकिशोर मुंडा, झामुमो नेता योगेंद्र यादव, कांग्रेस नेता कुलदीप यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर चंदा रानी, गुलचंद मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें। दोनो जगहों के शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनों आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, षि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन आदि समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दर्जनों लड़कियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया।

## झुमरा में सड़क हादसा, दो की मौत

**दारू।** दारू थाना अंतर्गत झुमरा तिलैया में छड़ लदा ट्रक बुधवार को करीब दो बजे रात में हाइवा वाहन से जा टकराया। इसमें ट्रक के चालक व उप चालक की मौत हो गई। चालक सचिन यादव और उप चालक राजकुमार यादव दोनों गिरिडीह जिला के जमुआ थाना के खूबरी गांव के रहने वाले थे।

## गुरुनानक जी के प्रकाशोत्सव पर गदका टीम ने दिखाये करतब



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साईड भुरकुंडा स्थित गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा के तत्वावधान श्री गुरूनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाशोत्सव पर बुधवार की देर निशाने खालसा ग्रुप पंजाब की टीम ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सिर पर आग लगाकर कुछ मिनटों तक जमीन में लेटे रहना, माथे पर बर्फ की सिल्ली तुड़वाना, माथे में ड्रील मशीन घुसाने की कला, नुकीले भाले पर पेट के बल सोकर घूमना, ट्रैक्टर व बाइक को रस्सी के सहारे खिंचना, तलवार बाजी, अग्नि व अन्य करतब एवं कला का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, बरका-सयाल जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, सतीश सिन्हा, दिलीप दांगी, सुखदेव प्रसाद, सतीश मोहन मिश्रा, नरेश मंडल, जगतार सिंह, प्रवीण राजगढ़िया, विश्वरंजन सिन्हा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में भारी संख्या में पुहंचे लोगों ने भी गदका दल की खूब सराहना करते हुए उनका हौसला आफजाई किया।

## मांडू में भाजपा ने किया आक्रोश प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में शामिल भाजापा के नेता और कार्यकर्ता।

**मांडू।** प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार मांडू प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को हेमंत सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लूट की छूट दी जा रही है। कहा कि हेमंत सोरेन को सरकार चलाने की अनुमति जनता ने दी थी ना कि यहां के खनिज संपदा से लेकर जमीन लूट की। कहा कि राज्य में बलात्कार, हत्या जैसी जघन्य अपराध हो रहे हैं। मांडू विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मधु कोड़ा के शासनकाल में भ्रष्टाचार में शामिल मंत्री या तो जेल में हैं या तो न्यायालय का चक्कर काट रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह ने की।

# कुजू की टीम ने पिपरवार को 1-0 से किया पराजित

## सीसीएल महाप्रबंधक ने कुजू क्षेत्र में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंचासीन महाप्रबंधक व अन्य।

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत आरा कोलियरी के जुबली मैदान में गुरुवार 10 नवंबर से तीन दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। टूनार्मेंट के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी थे। मौके पर सीसीएल के खेल प्रबंधक आदिल हुसैन मुख्य रूप से मौजूद थे। उक्त दोनों अतिथियों ने टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर, टूनार्मेंट का ध्वजारोहण कर तथा उद्घाटन मैच खेलने वाले कुजू व पिपरवार दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

मौके पर महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल महापरिवार केवल कोयला उत्पादन हीं नहीं करता, अभी तो समय समय पर कोयला कामगारों के मनोरंजन व उनके स्वास्थ्यवर्धन के लिए खेल प्रतियोगिताएं भी कराता है। उन्होंने इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाले सभी 13 टीमों के खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने के लिए प्रेरित किया।

उद्घाटन मैच में कुजू क्षेत्र ने पिपरवार क्षेत्र को 1-0 से पराजित किया। कुजू की टीम ने पहले हाफ में हीं पिपरवार पर एक गोल दागकर अपनी बढ़त बनाई। मैच के दौरान पिपरवार की टीम ने भी उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। पूरे मैच के दौरान पिपरवार व कुजू की टीम के खिलाड़ियों को पेनाल्टी शूट सहित कहीं अन्य मौके मिले परंतु दोनों टीमों के खिलाड़ी गेंद को गोल में परिवर्तित करने में सफल नहीं रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी के हाथों कुजू टीम को दिया गया गया। टूनार्मेंट का दूसरा मैच ढोरी बनाम हजारीबाग क्षेत्र के बीच खेला गया। जिसमें ढ़ोरी ने 2-1 से जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वीरू सिंह को मिला। तीसरा मैच एनके बनाम अरगड्डा क्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें एनके ने 5-0 से जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच यू डी बारा को मिला। चौथा मैच सयाल बनाम कथारा क्षेत्र के बीच खेला गया। इस मैच में सयाल ने कथारा को 3-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संजय सोरेन ने प्राप्त किया। पांचवा मैच पुनः कुजू बनाम मगध आम्रपाली के बीच खेला गया। इस मैच में कुजू ने मगध- आम्रपाली को 5-0 पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संतु को मिला। वहीं छठा मैच हजारीबाग बनाम आम्रपाली के बीच खेला गया। समाचार लिखे जाने तक हजारीबाग क्षेत्र 2 -0 से अपनी बढ़त बनाए हुए था।

## लाभुक ने पीएम आवास में राशि की मांग का लगाया आरोप

**टाटीझरिया।** झरपो के पीएम आवास के लाभुक रामलाल सिंह ने आरोप लगाया है कि बीएफटी चिंतामन प्रसाद रिश्वत के तौर पर पांच हजार रुपये मांगने पहुंचे थे। लाभुक के अनुसार वह उससे रुपये मांग रहे थे और बोले कि जब रुपये दोगे तब अगली किस्त भेजेंगे। लाभुक ने साफ कह दिया कि उसके पास रुपये नहीं है। इधर, इस संबंध में बीएफटी चिंतामन प्रसाद से पूछने पर कहा कि मेरे ऊपर लगाया गया यह आरोप बेबुनियाद है, इसमें तनिक भी सत्यता नहीं है। रामलाल बिल्कुल गरीब परिवार में से है। अब तक गिर चुके मिट्टी व खपरैल घर ही उसका सहारा था। उसके परिवार में पति-पत्नी व उनके तीन पुत्रियां हैं। उनका परिवार मजदूरी पर निर्भर है। ऐसे में उन्हें बहुत पहले आवास मिल जाना चाहिए था। अब मिला भी है तो ऐसे लोगों को सहयोग करने के बजाय परेशान करना गलत है।

## एक नजर में

### भाजपाइयों ने किया टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय का घेराव

**टाटीझरिया।** भाजपा ने राज्य सरकार तथा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। प्रर्दशन भाजपा कार्यालय से निकल कर प्रखंड मुख्यालय तक आक्रोश रैली निकाली। जुलूस बाद में प्रखंड मुख्यालय में सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि पूरे राज्य में लुट खसोट मची है। शासन प्रशासन, कांग्रेस के नेता केवल वसुली में लगे हैं। वहीं मुख्यमंत्री के सभी रिश्तेदारों ने मलाई खाने में लगे हुए हैं।विकास योजनाओं, पेंशन, आवास, राशन, मोटेशन के नाम पर वसुली शुरू है । बिना पैसा के पदाधिकारियों का तबादला भी नहीं होता है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता इस महागठबंधन की सरकार को उखाड फेंकने का काम करेगा।

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड सरकार के खिलाफ गुरुवार को पतरातू प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी कुशवाहा के नेतृत्व दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता मतकमा चौक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। यहां से मोटर साईकिल जुलूस के शक्ल में हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय पतरातू के लिए रवाना हुए। विरोध-प्रदर्शन में सन्नी कुशवाहा, राजेंद्र मुंडा, शहजनाथ बेदिया, मिहिलाल बेदिया, हरिलाल महतो, फागू बेदिया सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थें।

### वृद्ध व गरीबों के बीच कंबल वितरण

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में झारखंड सरकार द्वारा आवंटित 150 कंबलों का वितरण मुखिया नीलम देवी की अध्यक्षता में किया गया। मुखिया नीलम देवी ने कहा कि गरीबों के लिए ठंड में कंबल उचित समय से किये जाने पर सरकार को बधाई देते हुए कहा कि कंबल वितरण वृद्ध व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### पदमा में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**पदमा।** रोमी पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला प्रमुख बिना देवी अंचलाधिकारी मोहम्मद मुजाहिद अंसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव बीस सूत्री उपाध्यक्ष गौतम कुमार मेहता रोमी पंचायत के मुखिया गुड़िया मेहता के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बरही विधानसभा के विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने कहा कि झारखंड सरकार की सोच है कि योजना का लाभ गांव के आम गरीबों को मिले। इसके लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो रहा है।

### योजनाओं का लाभ ले स्वावलंबी बनें : सुधा देवी

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के सेवई उत्तरी पंचायत के पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष सुधा देवी, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख द्रोपति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मण महतो, राजेंद्र नाथ चौधरी, हाजी अख्तर आजाद, जगरनाथ महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार आपकी द्वारा गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। पहले लोगो को बार बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता था परंतु आपके गांव मोहल्लों में ही आपको सारा योजना पहुंचाया जा रहा है, इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बने।

### चैंबर ने की अभद्र व्यवहार पर कार्रवाई की मांग

**वेस्ट बोकारो (रामगढ़)।** भदानी क्लोथ स्टोर के संचालक सह व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज भदानी और हिंदुस्तान मेडिकल के संचालक सह व्यापार मंडल के सचिव डॉ. इलियास के साथ बुधवार रात करीब नौ बजे असामाजिक तत्वों के द्वारा गाली गलौज और मनोज भदानी के कर्मी मो. काशिफ के साथ मारपीट के बाद पूरा व्यापार मंडल आक्रोशित हो गया। गुरुवार को अपने प्रतिष्ठान बंद कर वेस्ट बोकारो ओपी पहुंच कर आवेदन देते हुए आरोपियों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

### जिप सदस्य ने कराया ध्यान आकृष्ट

**गिद्दी।** डीएमएफटी की बैठक में डाड़ी भाग एक के जिला परिषद सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि डाडी प्रखंड सर्वेश कुमार सिंह ने सांसद जयंत सिन्हा एवं उपायुक्त का कई विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराया। डाडी में कौशल विकास के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना,डाडी भाग एक के तीन स्कूलों का जीर्णोद्धार, खपिया प्लस 2 स्कूल, भुरकुंडा हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय रबोध, डाडी प्रखंड में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, रेलीगढा पूर्वी उप स्वास्थ्य केंद्र, कनकी उप स्वास्थ्य केंद्र, हुवाग उप स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार कराने की मांग की।

### कार्यपालक अभियंता का पद खाली : पंकज

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी द्वारा विज्ञप्ति जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिला में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जिला परिषद में कार्यपालक अभियंता एवं नगर परिषद रामगढ़ में कार्यपालक पदाधिकारी के स्थाई पद पर किसी का पोस्टिंग नहीं होने के वजह से विकास कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। कई बड़ी-बड़ी योजनाएं इन विभागों से संचालित हैं। लेकिन विगत ढाई महीने से कार्यपालक अभियंता का पदस्थापना नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी हो गयी है।

### खेलकूद भी जीवन का अभिन्न अंग : डॉ. तिवारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में बुधवार से चल रहे विभावि अंतर महाविद्यालय दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ टीम मैनेजर सीके पांडेय, जेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विद्यानंद तिवारी व स्पोर्ट्स को-अर्डिनेटर कमल सेठ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन कर करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थी देश के भविष्य हैं इनके सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। ताकि विद्यार्थी हर क्षेत्र में अव्वल बन सकें। फाइनल मैच के पुरूष वर्ग में संत कोलंबा के नितिन राज सिंगर ने भास्कर गुप्ता को और संत कोलंबा की रक्षित सहाय ने डौली को हराकर चैम्पियन बनने का गौरव पाया। विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है, इससे हताश होने की जरूरत नहीं है। बताया गया कि आगामी 28-29 नवंबर को विनोबा भावे यूनिवर्सिटी द्वारा जेएम कॉलेज में इंटर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### एंगलाइज स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरूवार को कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास व विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। साथ ही प्राचार्य श्री दास व विजयंत कुमार, स्कूल के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार, जेएम कॉलेज के प्रो.बीके सिंह, प्रो.गिरधर पाठक, प्रो. जेडी सिंह, प्रो.एनके सिंह आदि अतिथियों ने कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ.आरके दास ने कहा कि हमारे जीवन में विज्ञान का अहम रोल होता है। यहां के विद्यार्थियों का कोई सानी नहीं है।

स्पीड न्यूज

## बीडीओ ने की बैठक

**सिमरिया।** निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ नीतू सिंह ने चुनाव आयोग के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में राजनीतिक दल, बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की बैठक में एक जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानकर 9 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुके वैसे लोगों को कैंप के माध्यम से संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।वहीं बीडीओ ने 12,13,19 और 20 नवंबर को स्पेशल कैंप का तिथि निर्धारित किया है।

## भाजपा ने निकाली जनाक्रोश रैली, लगाये नारे

**सिमरिया।** भाजपा कार्यकताओं ने गुरुवार को जनाक्रोश रैली निकाली और सरकार विरोधी नारे लगाए। रैली का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष दयानिधि सिंह ने की। रैली में भाजपा कार्यकर्ता झंडा बैनर और ट्रैक्टर के साथ पहूंचे और सिमरिया चौक के सभी मार्गों का भ्रमण किया। अंत में रैली प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा में वक्ताओं ने राज्य की हेमंत सरकार को जमकर कोसा। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार मजदूर किसान विरोधी है और हर मोर्चे पर विफल है। यह सरकार सिर्फ घोषणाओं की सरकार है। इस सरकार में कामकाज की जगह नाटक नौटंकी हो रही है। इस सरकार में किसी का भला नहीं हो सकता। रैली में अक्षयवट सिंह, उमाशंकर सिंह, अमीत साहू, उज्जवल दास, मिथलेश गुप्ता, नवीन साह, सुधीर सिंह, रविन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, प्रमेश्वर यादव सहित जिला और प्रखंड के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरामद हुआ महिला का गला रेता हुआ शव

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र के खैल्हा-कटाही स्थित श्मशान घाट के समीप मंगलवार की सुबह एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह में लोगों ने महिला का शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मौत के कारणों के अनुसंधान में जुट गई है। मृतक महिला का शव को देखने के प्रतीत होता है कि तेज धारदार हथियार से उसकी गला रेतकर हत्या की गई है।

## वन विभाग की टीम ने पकड़ा अवैध कोयला लदा ट्रक

**सिमरिया।** वन विभाग की टीम ने बुधवार की रात अवैध कोयला लदा दो ट्रक को पकड़ा है। यह कार्रवाई वन विभाग के चतरा और सिमरिया की संयुक्त टीम ने किया है। जिला वन पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सुमन ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि आम्रपाली कोल माइंस से अवैध कोयला लादकर दो ट्रक हजारीबाग की ओर जा रहे हैं सूचना के आलोक में सिमरिया और चतरा रेंज कि एक संयुक्त टीम गठित की गई टीम ने सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए तेतर मोड़ के समीप से दोनों ट्रकों को जप्त कर लिया। जिला वन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी हालत में अवैध कोयले की ढुलाई नहीं होने दी जाएगी और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली चोरी के खिलाफ 36 लोगों पर केस

**कोडरमा।** विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी को लेकर बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। टीम ने झुमरीतिलैया कोडरमा व डोमचांच सब डिविजन के 109 घरों में छापेमारी की। जिसमें 36 लोगों को विद्युत चोरी को लेकर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं इनके विरुद्ध करीब 6 लाख 53 हजार का जुर्माना लगाया गया है। विभाग की टीम ने झुमरीतिलैया के 40 लोगों के यहां छापेमारी की, जिसमें 17 लोगों पर विद्युत चोरी करने का मामला दर्ज कराया। जिनके विरुद्ध करीब 2 लाख 85 हजार का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कोडरमा सब डिविजन के 36 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 10 लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी करने को लेकर मामला दर्ज कराया गया है, वहीं इनके विरुद्ध लगभग 229 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जबकि डोमचांच सब डिविजन में 33 लोगों के यहां छापेमारी की गई।

### व्यावसायिक वाहनों की डीटीओ ने की जांच, काटा 20 वाहनों का चालान

# सेक्रेड हार्ट स्कूल की बसों को मिला फिटनेस में अव्वल स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** व्यावसायिक वाहनों में गति नियंत्रण उपकरण (एसएलडी) को लेकर सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन एवं उपायुक्त के निर्देश पर डीटीओ भगीरथ प्रसाद एवं एमवीआई विजय गौतम ने विशेष अभियान चलाकर लगभग 20 स्कूली वाहनो को बगैर फिटनेस, सीसीटीवी, पल्यूशन, फर्स्ट एड बक्स, एसएलडी सहित अन्य त्रुटियों को लेकर चालान काटा। वहीं सुबह 7 बजे से एसपी आवास के निकट व झुमरीतिलैया शहर के महाराणा प्रताप चौक व सुभाष चौक के निकट लगभग दर्जनों वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में डीटीओ द्वारा जहां अब तक 16 व्यवसायिक स्कूली बसों को फिटनेस करार दिया, वहीं 20 स्कूली बसों का चालान काटा गया। इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल के बसों को फिटनेस में अव्वल स्थान मिला। वहीं डीटीओ ने कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, आरपी मोदी, बीआर इंटरनेशनल स्कूल, इकरा, मेरिडियन स्कूल, मडर्न पब्लिक स्कूल, कौंडोनिया पब्लिक स्कूल, क्लोरोफिल स्कूल, सीपीएस स्कूल, ग्रिजली स्कूल, डीएवी स्कूल, संत क्लेयर्स स्कूल समेत कई वाहनों की जांच कर चालान काटा। वहीं डीटीओ ने कहा जांच जारी रहेगा। मौके पर डीटीओ भागीरथ प्रसाद के अलावे एमभीआई विजय गौतम, रोड सेफ्टी हिमांशु कुमार, डीटीओ कार्यालय के अभिषेक मरांडी, अंबार सिद्दीकी, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

## रेस्टोरेंट से स्थानीय लोगों को होगी सुविधा : शालिनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के निकट गुरुवार को ग्रीन हिल रेस्टोरेंट का उद्घाटन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के रेस्टोरेंट का इंतजार शिद्दत किया जा रहा था, रांची पटना रोड के किनारे अवस्थित होने के कारण यह रेस्टोरेंट यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए काफी सुविधा जनक होगा, लोग उचित मूल्य पर लजीज व्यंजन का स्वाद ले पाएंगे। वहीं रेस्टोरेंट संचालक विकास कु सोनी ने बताया कि इस प्रतिष्ठान में वेज और नन वेज दोनो तरह के विभिन्न व्यंजन उचित दाम में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा।

मौके पर नवल सोनी, विजय सोनी, सनत कुमार दा, सुंदर सोनी, राजेश सिंह उर्फ राजू सिंघब, संजीव सोनी, उदय बनर्जी, आरती कुमारी, मनीष कुमार, सुशील अग्रवाल, रिया राज, संस्कृति कुमारी, गजेंद्र राम, बिरेश्वर सिंह, विवेक कुमार, अनिल कुमार, मेघा कुमारी आदि मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं ने निकाली जन आक्रोश रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखण्ड ईकाई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार एवं प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ चंदवारा बजरंग बली चौक स्थित पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली बजरंगबाली चौक से चंदवारा प्रखंड मुख्यालय तक हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, सौतेला व्यवहार नही चलेगा, अकेला यादव मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पहुंची, जहां एक सभा में तब्दील हो गई। सभा के अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा एवं संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज साव ने किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि पूरे राज्य में लूट खसोट मची हुई है। बरही विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक, शासन-प्रशासन और कांग्रेस के नेता केवल वसूली में लगे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार जनता को बरगलाने की काम कर रही है, विकास के नाम पर शून्य है। वहीं जब भाजपा की राज्य में सरकार थी तब चारों तरफ विकास ही दिखता था।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिला अध्यक्ष नीतिश चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि चंदभूषण साव, अनूप जोसी, लक्ष्मण यादव, वीरेंद्र यादव, पिंटू साव, अर्जुन साव, सुनील साहू आदि लोग मौजूद थे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** एसडीओ सह निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी सन्दीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी ने सभी सहायक निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारियों से क्षेत्रवार नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने से सम्बंधित जानकारी लिया और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए जिले के सभी प्लस टू उच्च विधालयों में 16 से 20 नवम्बर तक निबन्धन शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक योग्य छात्र छात्राओं का निबन्धन करने तथा सभी कलेजों में 23 से 29 नवम्बर तक निबन्धन शिविर का आयोजन कर छात्र छात्राओं का निबन्धन करवाने का निर्देश दिया। इसके अलावे सभी सहायक निर्वाचक पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में 12, 13, 19 और 20 नवम्बर को अभियान चलाकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए वोटरों को जोड़ने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीईओ अलका जयसवाल, सभी अंचलों के सीओ सह सहायक निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी, शहरी क्षेत्रों के नगर प्रशासक आदि मौजूद थे।

## नप अध्यक्ष ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



शिलान्यास करती नप अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 12 में गुरूवार को नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, वार्ड पार्षद आलोक रंजन ने पीसीसी पथ का शिलान्यास पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर किया। नौ लाख 98 हजार 59 रूपये की लागत से इस पथ का निर्माण एनएच 75 से लेकर पशुपति के घर तक किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### छह सूत्री मांगों को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

## अंचल कार्यालय में इन दिनों जमीन के मामले में रिश्वतखोरी चरम पर है : मनोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** प्रखण्ड मुख्यालय के समीप अंचल कार्यालय में व्याप्त भृष्टाचार के विरुद्ध आजसू पार्टी द्वारा धरना दिया और 06 सूत्री मांग का ज्ञापन सौंपा। यह धरना आजसू के विधान सभा प्रभारी मनोज चन्द्रा में किया गया। धरना के संबोधित करते हुए मनोज चंद्रा ने कहा कि जमीन सम्बन्धी मामले को लेकर तिथि निर्धारित कर पंचायत वार ग्रामीणों की समस्या को निवारण पारदर्शिता के तहत किया जाय। साथ हीं ऑनलाइन प्रक्रिया को सुगम व भृष्टाचार मुक्त किया जाय। प्रखण्ड के सभी पंचायतो के किसानों को जिसका खाता पलौट व खतियान नहीं चढ़ा है उसका अविलंब चढ़ाया जाय। पंचायत वार पंचायत भवन में मोटेशन प्रक्रिया सुगम किया जाय। दाखिल खारिज तथा एलपीसी बनाने में तिथिवार पंचायत भवन में सुगम और वगैर रिश्वत का किया जाय। यदि कोई अंचल कर्मी या सीओ जमीन सम्बंधी किसी तरह का मामले में रिश्वत की मांग की जाती है तो इसकी जानकारी आजसू कार्यालय या पार्टी को दिया जाय। वहीं धरना के महज पांच घण्टे के अंदर अपरसमाहर्ता पवन कुमार के साथ बैठक कर मांगों को पूरी करते हुए आश्वासन दिया गया कि अविलंब आजसू के मांगों पर विचार करते हुए मांगो के तहत कार्य किया जाएगा। मौके पर बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर दास, प्रखण्ड अध्यक्ष रमन साहू, धरना संचालक सलीम अख्तर, प्रवक्ता आलोक रंजन, प्रदेश कमिटी के नेमधारी महतो, पूर्व मुखिया कृष्णा साहू, बिनोद महतो, नरेश साहू, प्रदुमन साहू, बीरेंद्र कुमार, पूर्व उप प्रमुख ललिता देवी, मुखिया बिणा देवी, नागेंद्र साहू के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## अपर समाहर्ता ने किया सिमरिया अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अपर समाहर्ता राजस्व शाखा चतरा पवन कुमार मंडल ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा अंचल कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार के कागजातों का निरीक्षण किया गया। श्री मंडल ने बताया कि अंचल कार्यालय के सभी कागजातों का निरीक्षण उनके द्वारा बारीकी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय के कर्मचारी सेवा पुस्तिका संधारण, आवद निर्गत पंजी का संधारण, पेंशन की जांच, निलाम पत्र के सम्बन्ध में किये गए कार्यों, अतिक्रमण पंजी, लगान पंजी, प्राकृतिक आपदा सहित अन्य सभी प्रकार के कार्यो के प्रगति का निरिक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने अंचल नजारत के सभी कागजातों की बारीकी से जांच की। उनके द्वारा चौकीदारों की सेवापुस्तिका की भी जांच की गई। इंडेक्स पंजी को भी सही तरीके से सजा कर रखने को कहा गया। इस दौरान उनके द्वारा यह भी जांच किया गया कि जिला से जो भी निर्देश अंचल कार्यालय को दिया जाता है उसका सही तरीके से अंचलाधिकारी द्वारा अनुपालन किया जाता है कि नहीं। उन्होंने जिला से दिए गए निर्देश को जल्द से जल्द निपटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि मोटेशन को सीओ खारिज नहीं कर सकते हैं। अंचल कार्यालय अपने आप में एक कोट होता है जिसमें मोटेशन के लिए जो भी आवेदन आते हैं उन पर कार्यवाही करते हुए पूर्ण रूप से जांच कर उस पर नियम संगत कार्य करना है।

मोटेशन के लिए जो भी कागजात रयत प्रस्तुत करते हैं उसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर या फोटोकॉपी साफ स्पष्ट नहीं होने पर अंचल अधिकारी को पुनः उन्हें नोटिस कर स्पष्ट प्रति मांग कर आगे की कार्यवाही करना चाहिए। साथ ही ई समाधान पोर्टल का भी लोग इस्तेमाल करें जिसमें खाता, प्लॉट, चौहद्दी गड़बड़ी से संबंधित सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं। रैयत ऑनलाइन रसीद कटवा सकते हैं। अंचल कार्यालय में तीन अमीन अभी उपलब्ध हैं। भुमि मापी के लिए आवेदन दे सकते हैं उन्होंने कहा कि जिले के चार अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करने का कार्यक्रम तय किया गया है जिसमें सिमरिया से निरीक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया। सभी कागजातों का निरीक्षण कर सुधार हेतू 15 दिनों के लिए निर्देश दिया जा रहा है। 15 दिनों के बाद पुनः समीक्षा किया जाएगा और त्रुटियों का प्रगति रिपोर्ट लिया जाएगा। इस दौरान अंचलाधिकारी छुट्टेश्वर दास, प्रधान लिपिक मदन तिवारी, अंचल निरिक्षक गुरुदेव कुमार सिंह, नाजीर सुखदेव राम समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

एक नजर में

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली- चंद्रगुप्त कोलपरियोजना क्षेत्र में गुरुवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य उद्देश्य खुद सतर्क रहे औरो को सतर्कता से जोड़ें जिससे मेरा देश भ्रष्टाचार मुक्त भारत,विकसित भारत की उद्देश्य पूरा होगी। ज्ञात हो कि आम्रपाली चन्द्रगुप्त परियोजना क्षेत्र में 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिवस की कार्यशाला,शिविर आयोजित कर मनाया गया है,इसमें सीसीएल की मौजूद सभी अधिकारी देश के लिये खुद को भ्रष्टाचार से अलग रखने की संकल्प लिया है उक्त बाते जीएम अमरेश कुमार सिंह अपने संबोधन में गुरुवार को समापन समारोह में कहि,वही आम्रपाली पीओ देवेंद्र प्रासाद ने स्वयं को देश को विकसित भारत को लेकर कर्मियो को सतर्कता के कई बिंदु पर प्रकाश डाला,तथा सात दिनों तक सीसीएल कमीयों ने अनुसाशन के परिचय देने वाले एव भाग लिये विभिन्न स्कुल के छात्र छात्रो की निबंध,पेंटिंग प्रतियोगिता में सराहनीय सफलता पर धन्यवाद एव आभार जताया।

## छह सूत्री मांग को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

**टंडवा(चतरा)।** छः सूत्री मांग को लेकर आजसू के प्रखंड कमेटी ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष विकास पांडे एवं संचालन उपेंद्र पांडे ने किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जागेश्वर दास मौजूद रहे। मांगो में खतियान और प्लॉट को ऑनलाइन करने, पारदर्शी ढंग से भूमिका ऑनलाइन प्रसिद्ध निर्गत करने, भ्रष्टाचार मुक्त दाखिल खारिज करने, शिविर लगाकर भूमि विवाद का निपटारा करने, राजस्व कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक दिन समस्याओं का निपटारा करने और बंदोबस्त जमीन का नोटिस नहीं भेजने की मांग शामिल है। इस दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार दास एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रँथु महतो ने धरना स्थल पहुंचकर वार्ता किया। जिसमें से 6 सूत्री मांग को पूरा करने के लिए आश्वासन दिया ततपश्चात धरना को स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, मनोज चौरसिया समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थें।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के शिला ओपी के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 22 बटालियन के तहत नागरिक सहायता कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां वितरण की गई। उक्त कार्यक्रम में 22 बटालियन के चीफ कमांडर मोहित कपूर,चीफ अशोक नरायन,द्वितीय कमांडेड ब्रजेश कुमार, सहायक कमांडेड दुर्गेश कुमार, एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी मौजूद थे। यह नागरिक सहायता कार्यक्रम विधिवत शिला बाजार टांड में कार्यक्रम कर दवाइयां वितरण की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पहुंच कर सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण अपना विभिन्न तरह के बीमारियों का स्वाथ्य जांच कराते हुए दवाइयां प्राप्त किया। सहायक कमांडेड दुर्गेश कुमार ने बताया कि हमारे 22 बटालियन की ओर से नागरिक सहायता कार्यक्रम चला कर ग्रामीणों को हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराते रही है। साथ हीं पुलिस और नागरिक के बीच समन्वय स्थापित कर रही है। जिसके कारण क्षेत्र से उग्रवाद का आतंक समाप्त किया जा रहा है।

## उर्दू दिवस पर भद्रकाली कॉलेज के उर्दू विभाग में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**इटखोरी।** उर्दू दिवस के रजत जयंती पर गुरुवार को भद्रकाली महाविद्यालय के उर्दू विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस का शिर्षक था ₹उर्दू एक परिचय......... इस की आवश्यकता एवं महत्त्व ₹। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भद्रकाली महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने की। उन्होंने उर्दू की आवश्यकता एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। उर्दू विभागाध्यक्ष श्री डॉक्टर मंसूर आलम फखरी ने उर्दू दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ० अल्लामा मुहम्मद इकबाल ने अपनी रचनाओं द्वारा उर्दू अदब में एक ऐसी क्रांति पैदा की और ऐसी जान डाल दी जिसे अदबी दुनिया इंकार नहीं कर सकती है। इस कार्यक्रम का मंच संचालन उर्दू विभाग के प्रो० मो० असलम ने किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये 1100 आवेदन

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत खाला में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में 1100 आवेदन आये। सभी आवेदनों को ऑनलाइन कर संबंधित विभाग को निष्पादन के लिए दिया गया। कार्यक्रम में बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनकर त्वरित समाधान करना है। सरकार सभी क्षेत्र के विकास के लिए काफी संवेदनशील है। यही कारण है कि प्रखंड के सभी विभाग के कर्मी आपके पास आए हुए हैं। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर 20 सूत्री अब्दुल्लाहक अंसारी, जिप सदस्य सुनिता कुमार, प्रमुख शांति देवी, मुखिया अजरून निशा, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी, प्रतिनिधि रामभरोसा राम, मुखिया प्रतिनिधि इसलाम खान, कमलेश सिंह, उप मुखिया पुनम कुमारी, युवा समाजसेवी महताब अंसारी, अभरेश यादव, हेमंत साह, युवा समाजसेवी सरफराज अंसारी, कुदुश अंसारी, दामोदर जायसवाल, विशुन राम आदि मौजूद थे।

# बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में बढ़ते ठंढ को देखते हुए बीडीओ सह सीओ वैद्यनाथ उरांव ने गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रखंड के खैराकला बिरहोर टोला, ठेसवा बिरहोर टोला (राजाबर) तथा खवासडीह बिरहोर टोला (अम्बाबाद) का दौरा कर बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने खैराकला बिरहोर टोला में 50 कम्बल, ठेसवा बिरहोर टोला में 15 कम्बल तथा खवासडीह बिरहोर टोला में 10 कम्बल बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। वहीं उन्होंने बिरहोर परिवारों को कम्बल का सदुपयोग करने की बात कही। बिरहोर परिवार में पूना बिरहोर, बीरेंद्र बिरहोर, सोमरी बिरहोर आदि के नाम शामिल हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, जिप सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव, आरजेएसएस सचिव मनोज दांगी, निर्भय कुल, राजेश भगत आदि मौजूद थे।

# चकला प्लांट में स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग के विरोध में उतरे मैन पॉवर कर्मी

## स्क्रैप कटिंग और ट्रांसपोर्टिंग कार्य को कराया बंद, घंटों किया आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित लंबे समय से बंद पड़े अभिजीत (आरसील) पावर प्लांट के लिक्विडेशन में जाने व एनसीएलटी के द्वारा स्क्रैप घोषित किये जाने बाद पहले पेज में स्क्रैप कटिंग का नीलामी लेने वाली कम्पनी के द्वारा इन दिनों प्लांट में जोरों के साथ स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोटिंग कराया जा रहा है। स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से ही प्लांट में कार्यरत मैन पावर कर्मियों एवं रैयत जिनका भुगतान बकाया है उनके द्वारा स्क्रैप कटिंग व परिवहन कार्य को अवैध बताते हुए लगातार आंदोलन किया जा रहा है। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में मैन पावर कर्मचारियों एवं रैयतों ने उग्र आंदोलन करते हुई स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोटिंग कार्य को ठप करा दिया साथ हीं प्लांट स्थित कंपनी के कार्यालय के समक्ष जमकर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान बिस्थापित रैयतों एवं मैन पावर कर्मचारियों ने प्लांट हेड बीसी साहू व स्क्रैपर कम्पनी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की व कर्मचारियों के बकाए वेतन, पीएफ, एनसीएलटी कोर्ट का आदेश दिखाने आदि मांग की। इधर विरोध आंदोलन की सूचना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम प्लांट पहुंची व प्लांट हेड बीसी साहू के साथ प्रदर्शन कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शन कर रहे कर्मी किसी भी बात को सुनने से इंकार कर दिया।



विरोध करते कर्मचारी



आंदालन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करते अधिकारी

### मैन पॉवर कर्मियों व विस्थापित रैयतों ने लगाया गंभीर आरोप

आंदोलन के दौरान मेन पावर कर्मचारियों, विस्थापित रैयतों ने प्लांट के अधिकारियों एवं स्क्रैपर कम्पनी पर गम्भीर आरोप लगाया। उनका आरोप था कि प्लांट के अधिकारी व स्क्रैपर कम्पनी मिली भगत कर गलत तरीके से प्लांट के कीमती संयंत्रों को स्क्रैप के नाम पर निकाल रहे हैं। स्क्रैप कटिंग से संबंधित एनसीएलटी कोर्ट द्वारा जारी किये गए निर्देश को कॉपी भी उन्हें नही दिखाया जा रहा है व विरोध करने पर स्क्रैप कटिंग कर रही कम्पनी द्वारा उन्हें धमकी भी दी जा रही है। साथ हीं 10 वर्षों से पीएफ बकाया व बकाए वेतन का भुगतान भी नही किया जा रहा है व 20 प्रतिशत बकाया भुगतान कर जबरन बांड भी भरवाया जा रहा है।

### स्क्रैप के नाम पर घोटाले को दिया जा रहा है अंजाम: ग्रामीण

इस दौरान मेन पावर कर्मचारियों वह विस्थापित रैयतों में स्क्रैप कटिंग के आड़ में बड़े घोटाले को अंजाम देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्क्रैपर कंपनी को पहले फेज में फेज जमीन पर पड़ा हुआ सामग्री उठाव करने का करना है, लेकिन मिलीभगत से करोड़ो के कीमती संयंत्र को कबाड़ के भाव मे गलत तरीके से उठाव किया जा रहा है। आंदोलन कर रहे लोगों ने केंद्र व राज्य सरकार के साथ केंद्रीय एजेंसियों से मामले की जांच करने की भी मांग की।

**आंदोलनकारियों के सवालों का जवाब देने में असहज नजर आए प्लांट हेड:** इधर आंदोलन के दौरान विस्थापित रैयतों एवं मैन पावर कर्मचारियों के द्वारा प्लांट हेड बीसी साहू से कई तीखे सवाल किए गए। पूछे गए तीखे सवालों का जवाब देने में प्लांट हेड बीसी साहू असहज नजर आए। जिस कारण कई बार उन्हें लोगों के भारी विरोध का भी सामना करना।

**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के वार्ता के बाद आंदोलन हुआ समाप्त:** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा प्लांट पहुंचे व कर्मचारियों व विस्थापित रैयतों के प्रतिनिधि मंडल, मुखिया रंजीता एक्का के साथ वार्ता की। इस दौरान एसडीपीओ ने लोगो से किसी भी परिस्थिति में कानून को हांथ में नही लेने व संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने की बात कही। एसडीपीओ ने कहा कि आपसभी के प्रस्तावों व बातों पर गम्भीरता से विचार किया जायेगा, पूरी प्रक्रिया क्या है, इसकी जांच पड़ताल के लिए कुछ दिनों का समय दिया जाए। जिसके बाद आंदोलनरत मैन पावर कर्मचारी व विस्थापित रैयत उनकी बात को मान गए व आंदोलन को समाप्त कर दिया। हालांकि आंदोलनकारी स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोटिंग कार्य नही रुकने के निर्णय को लेकर असंतुष्ट नजर आए। खबर लिखे जाने तक कार्य ठप था। मौके पर मैन पावर कर्मी, विस्थापित रैयत व अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### इलाज के अभाव में मजदूर की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में रहने वाले एक मजदूर की मौत ईलाज के अभाव में हो गयी। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार बबलु महतो 80 वर्ष पिता स्व० सुनातो महतो पुरुलिया पश्चिम बंगाल निवासी बालूमाथ में पिछले 12 वर्षो रहकर कबाड़ी चुनकर बेचने का काम करता था। लगभग पांच माह पूर्व उसे काम करने के दौरान गम्भीर चोट लग गयी थी। जिससे वह बीमार चल रहा था। जहां इलाज की अभाव में बुधवार देर रात उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद गुरुवार को आसपास के ग्रामीणों ने उसे मृत पड़ा हुआ पाया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने मृतक का अंतिम संस्कार करवाया। साथ ही मृतक के पत्नी को सरकारी मदद का भरोसा दिया। मौके पर समाजसेवी बीरेंद्र गुप्ता, बाबूलाल मोची, विक्रांत सिंह सहित कई लोग मौजुद रहे।

### आम बागवानी को हाथियों के झुंड ने किया क्षतिग्रस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कोमर ग्राम में बुधवार देर रात हाथियों के झुंड में जमकर उत्पात मचाया। जहां जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी के आम बागवानी में लगे पौधों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही पौधों के बचाव के लिए लगाए गए कटीले तार के जाली को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी देते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार देर रात करीब 12 की संख्या में आये हाथियों के झुंड ने करीब एक घंटे तक उत्पात मचाते हुए बागवानी में लगे दो दर्जन के अधिक आम व लीची के पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया। वही कई पौधे को कुचल कर नष्ट कर दिया। बागवानी में लगे कई आम के पौधे विदेशी नस्ल के थे। कई आम के पौधे थाईलैंड, अमेरिका सहित आंध्र प्रदेश उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से मंगाए गए थे।

### टाना भगत उच्च विद्यालय से स्टार्टर की हुई चोरी

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के आदिवासी टाना भगत उच्च विद्यालय निन्द्रा से सोलर द्वारा संचालित नल जल का स्टार्टर तथा स्विच बॉक्स बीती रात चोरी कर लिया गया है। इस आशय की लिखित सूचना प्रधानाध्यापिका ललिता कुमारी ने थाना को दे दी है। स्टार्टर चोरी कर लिए जाने के कारण विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गया है। बच्चों समेत विद्यालय परिवार ने प्रशासन से उचित पहल का अनुरोध किया है।

### ट्रैक्टर और बाइक में हुई टक्कर, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बहेरा ग्राम के समीप बाइक और ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। जिसमे बाईक सवार नईम अंसारी 38 वर्ष पिता अली हुसैन अंसारी खलारी जिला रांची निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल नईम को बालमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार नईम अंसारी खलारी से बालूमाथ मेला में खिलौने का सामान बेचने आ रहा था। इसी दौरान बहेरा ग्राम पास बाइक से आगे चल रहे ट्रेक्टर ने एकाएक मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार ट्रेक्टर में जा टकराया और गम्भीर रूप से घायल हो गया।

### खोया-पाया

मै संतोष प्रसाद साहू पिता स्व. रामखेलावन साहू ग्राम, पो. चंदवा थाना चंदवा जिला लातेहार का निवासी हूँ। मैने 29/09/1994 को सरदार करतार सिंह से चंदवा के लाइन होटल के समीप साढ़े चौदह डिसमिल जमीन खरीदी थी। जिसका पुराना खाता संख्या 17, प्लॉट 1053 है। इस कागजात की मूल प्रति गुम हो गई है। जिसके कारण परेशानी हो रही है।

## चार सूत्री मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने बैद्यनाथ राम को सौंपा ज्ञापन



आवेदन सौंपते संघ के लोग

**लातेहार।** संघ द्वारा प्रस्तावित द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत बुधवार को लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम से अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ लातेहार के शिक्षक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर 4 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन देकर वार्ता किया। विधायक ने सभी मांगों पर चर्चा कर जानकारी प्राप्त की एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से वार्ता करने एवं विधानसभा सत्र के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला महासचिव अजय कुमार, जिलाध्यक्ष अमूल्य रत्न द्विवेदी, उपाध्यक्ष रईस अहमद, सुरेंद्र पासवान, बसंत राम, सरयू उरांव, अनूप कुमार महासचिव आदि लोग शामिल थे।

## गरीब मजदूरों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास कर रही है सरकार: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड के पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन पंचायती राज अधिकारी शह पंचायत सचिव आत्मा सिंह ने किया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक बैद्यनाथ राम, बीडीओ प्रदीप कुमार दास, प्रमुख पार्वती देवी, उपप्रमुख बिजय भगत, मुखिया प्रीति कुजुर, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम करने का राज्य सरकार का उदेश्य है सरकार स्वयं आपके द्वार पहुंचकर समस्या से अवगत होकर समस्या को समाधान करना। साथ ही गरीब मजदूर व्यक्ति तक योजनाओं को धरातल मे पहुंचाने का सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य में रोजगार के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। शिविर का मुख्य उदेश्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। वहीं शिविर के माध्यम से योग्य व्यक्तियों के बीच धोती साड़ी और कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के सुव्यवस्थित कर रहे प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल राज रोजगार, सेवक परमजीत सिंह तथा सभी कर्मी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक बैद्यनाथ राम व अन्य

## एक नजर में

### मुखिया ने किसानों के बीच चना का किया वितरण



किसानों को चना बीज वितरण करती मुखिया

**बरवाडीह।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गुरुवार को बरवाडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया कालो देवी ने रवि फसल के लिए 111 किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया। जहां कालो देवी ने कहा कि क्षेत्र के किसान चना की खेती कर अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। चना की खेती में ज्यादा मेहनत नहीं पड़ती है। सरकार के द्वारा क्षेत्र के किसानों को उत्तम किस्म के चना बीज का वितरण मुफ्त में किया जा रहा है। ज्यादातर क्षेत्र के किसान चना की खेती करते हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को बीज उपलब्ध कराकर उन्नत खेती कराना है। जिससे की किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें। उन्होंने कहा की यह गुणवत्ता पुर्ण बीज है। इससे पैदावार में बढ़ोतरी होगी। किसानों को चना की बोवाई से लेकर चना की कटाई तक कीड़े मकोड़े लगने वाले खरपतवार को बचाने के लिये रासायनिक समेत अन्य चीज भी किसानों के लिए व्यवस्था कराने का प्रयास करूंगी। वहीं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि चना किसानों को कम मेहनत में अधिक मुनाफा देने वाली फसल है, एवं मिट्टी की उर्वरकता शक्ति को लंबे समय तक बनाए रखने वाली फसल है। इस मौके पर उपमुखिया, वार्ड सदस्य अशोक कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने नये जिला शिक्षा अधीक्षक का किया स्वागत



**लातेहार।** लातेहार के नए जिला शिक्षा अधीक्षक के पद पर कविता खलखो के योगदान के अवसर पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षा संघ का प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि लातेहार जिला को शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के लिए हम सभी अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, अविनाश, रामधनी प्रसाद यादव, संजय प्रसाद के साथ कई शिक्षक उपस्थित थे।

### बनहरदी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी पंचायत सचिवालय भवन परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मुखिया रामेश्वर उरांव व पँचायत समिति सदस्य मनोहर उरांव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जंहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन भी किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस प्रमुख व बीडीओ ने कई विभाग के द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर जायजा लिया। बीडीओ के द्वारा कई लोगों की समस्या का समाधान भी ऑन द स्पॉट भी किया गया। अनेकों जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ रतन शाहदेव प्रखंड कर्मी अमित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे।

### बाइक से गिर कर युवक हुआ घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारियातू ग्राम में बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेश उरांव पिता मनी उरांव नाचना बारियातू निवासी अपने घर से किसी निजी काम से बारियातू आया हुआ था। जहां अचानक बाईक में डिस ब्रेक लग जाने के कारण बाइक से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉ. अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में किया गया।

## महिलाओं के साथ सुरक्षा प्रभारी ने किया दुर्व्यवहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के आरा ग्राम में अपने निजी जमीन पर मकान बना रहे महिलाओं के साथ एसआईएसएफ के सुरक्षा प्रहरी द्वारा गाली-गलौच व दुर्व्यवहार करने का आवेदन बालूमाथ थाना प्रभारी को दिया है। दिए आवेदन में राधा देवी पति रामनारायण साव, बिंदु देवी पति रामप्रवेश साव, विद्या देवी पति विकास साव ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी ने कहा है कि वे लोग मंगलवार को अपनी पुश्तैनी जमीन के खाता संख्या 213,प्लॉट संख्या 2359 पर एक कमरे का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान एसआईएसएफ के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आकर काम को रोकने का आदेश दिया गया और कहा गया कि 12:00 बजे तक काम को बन्द कर दें। उनके कहे अनुसार काम को बंद रखा गया। परंतु 12:00 बजे के बाद दुबारा जैसे हम लोगों ने काम शुरू करने के लिए कहा। वैसे ही सुरक्षा प्रभारी सूर्यदेव रविदास तथा उसके सहयोगियों द्वारा बिना कोई बात किये हुए गाली गलौज देते हुए काम को पूर्ण रूप से बंद करने का आदेश दिया। इस दौरान सुरक्षा प्रहरी सूर्यदेव रविदास तथा कर्मियों द्वारा महिलाओं के साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए धक्का-मुक्की भी किया गया। साथ ही कहा की ज्यादा नियम कानून बताओगे तो झूठा मुकदमा में फंसा देगे। वहीं निर्माण स्थल का कागजात बालूमाथ अंचलाधिकारी को दिखाया गया था तो उन्होंने कागजात देखने के बाद कहा था कि यह अवैध निर्माण नहीं है। दिए आवेदन के आधार पर महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।



## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटा रोजमर्रा का सामान



सामग्री वितरण करते जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**छिपादोहर।** नक्सलियों के मांद कहे जाने वाले छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत के टोंगारी में सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड के पुलिस महानिदेशक अमित कुमार और उपमहानिदेशक विनय नेगी के मार्ग निर्देशन तथा 112वीं बटालियन के कमांडेंट प्रमोद साहू के निर्देश पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के में लात पंचायत के हरहे, टोंगारी, बरखेता, गासेदाग लादी समेत कई गांव के सैकड़ो ग्रामीण और स्कूली बच्चे पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों के बीच वाटर स्टोरेज, सोलर लालटेन समेत कई वस्तुओं का वितरण किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के बीच स्टडी किट का भी वितरण हुआ। मौके पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सहायक कमांडेंट बीएन भोई ने कहा कि सीआरपीएफ लोगों के सुख दुख का साथी रहा है। साथ ही लोगो को सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ साथ हर सम्भव मदद करती रही है। और आगे भी करती रहेगी। मौके पर थाना प्रभारी विश्वजीत कई ग्रामीण, शिक्षक, स्कूली बच्चे और सुरक्षा बल मौजूद थे।

## डीडीसी ने की पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक, कई समस्याओं से हुए रू-ब-रू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभा कक्ष में डीडीसी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक में डीडीसी श्री बर्मा ने बैठक में उपस्थिति सभी पंचायत प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करते हुए। प्रखंड की विकास में आपसी सहयोग से करे। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों को एसएलडब्ल्यू (कंपोस्ट फीड) व जल संचयन के लिए आवश्यक स्थानों पर सोखता बनाने पर विशेष चर्चा की गई है। बहुत जल्द यह योजना शुरू की जाएगी। इधर बैठक में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने डीडीसी वर्मा से प्रखंड में चिकित्सक नहीं रहने, परियोजना प्लस टू उच्च बिद्यालय में शिक्षको की कमी, शिबला पंचायत के बाराखाड़ व टोंटी पंचायत के इटके फारूक मिंया के घर से खैराही जाने के लिए सड़क नहीं रहने, पंसस मो. होजैफा ने प्रखंड में मर्ज हुए बिद्यालय के कारण बच्चों को पढ़ाई में हो रही समस्या, पंसस संतोष भगत ने डाढ़ा गोखलाबागी में जर्जर आंगनबाड़ी भवन, मुखिया शांति देवी ने टोंटी पंचायत के टुंडाहुटु स्थित जर्जर आंगनबाड़ी भवन की समस्या से अवगत कराया। जिस पर डीडीसी बर्मा ने कहा कि आप सभी आवेदन बनाकर सौंपे। समाधान हो जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पंसस सोनी देवी, जया देवी, मानो देवी,मुखिया सरिता देवी ,केदार गंझू सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।



बारियातू मे बैठक करते डीडीसी

## एससी-एसटी छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन में जेनरल किये जाने पर रोष, दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट प्लस हाई स्कूल के अध्यनरत एससी एसटी के छात्र-छात्राओं को इंटर मे रजिस्ट्रेशन मे सभी छात्रों को सामान्य केटेगरी मे अंकित किए जाने का विरोध करते हुए दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने की मांग की है। विद्यालय के छात्रा सुमन कुमारी, प्रियांशु कुमारी, अंजली कुमारी, मधु कुमारी, नमिता कुमारी, सिता कुमारी, खुशबु कुमारी व अभिभावक ललिता देवी, सरिता देवी, सीतामनी उरांव सहित अन्य अभिभावकों व छात्र छात्राओं ने बताया की हमलोग विद्यालय के शिक्षक को जाति प्रणाम पत्र दिए थे। परन्तु विद्यालय के शिक्षक के मनमानी व लापरवाही के कारण एका दुका छोड़कर हम सभी एसटी एससी छात्र-छत्राओं को सामान्य वर्ग मे अंकित कर दिया गया है। जिससे हमलोगो को मिलने वाली सभी तरह के लाभ से वंचित हो जायेंगे। साथ ही बताया की नामांकन के समय जाति प्रमाण पत्र लिया गया था। इंटर मे रजिस्ट्रेशन के पूर्व प्रमाण पत्र जमा करने के लिए किसी तरह कोई जानकारी नहीं दी गई। हम सभी छात्रों को सामान्य वर्ग अंकित कर दिया है। उक्त छात्र छात्रों ने उपायुक्त से कटेगरी का जाति प्रणाम पत्र के आधार पर विद्यालय मे पंजीयन मे अंकित करवाने की गुहार लगाई है। साथ ही दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करने की भी मांग किया है। ज्ञात हो की चार नवम्बर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बारियातू के विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों से मनमानी पैसा लेने का शिकायत स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम से की थी।

उपरोक्त विषय मे बात करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका गीता देवी ने बताई की 27 नवम्बर तक समय सभी छात्रों को एसटी एससी सुधार कर केटेगरी वाइज कर दिया जायेगा। साथ ही बताया की विद्यालय वार प्रमाण पत्र ऑनलाइन कराया गया था परन्तु हल्का कर्मचारी हड़ताल में चले गए जिसके कारण कई छात्रों को जाति व स्थानीय प्रमाण पत्र लंबित पड़ा हुआ है।



जानकारी देते छात्र व अभिभावक।

स्पीड न्यूज

### आज 11 पंचायत और चार वार्ड में होंगे कार्यक्रम

**धनबाद।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शुक्रवार को 11 पंचायत व 4 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को कलियासोल के सालुकचापड़ा पंचायत भवन, निरसा सिजुआ पंचायत सचिवालय के सामने, तोपचांची सिंहदाहा व श्रीरामपुर के पंचायत सचिवालय, बाघमारा तारगा, कपुरिया व तेलमच्चो पंचायत मुख्यालय, बलियापुर परसबनिया पंचायत भवन के पास ग्राउन्ड में, एग्यारकुण्ड सिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत भवन, गोविन्दपुर मरिचो व मोरंगा पंचायत भवन, धनबाद नगर निगम वार्ड 53 गौशाला डीएवी स्कूल, वार्ड 49 उत्क्रमित स्कूल पाथेर बांग्ला तथा चिरकुंडा नगर परिषद वार्ड 18 कौशल विकास केंद्र व वार्ड 19 मध्य विद्यालय कपासरा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### छात्र-शिक्षकों के बीच फुटबॉल मैच में छात्रों की जीत

**धनबाद।** गुरुवार को बायपास रोड स्थित धनबाद सिटी स्कूल में स्कूल में छात्रों एवं शिक्षकों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के निदेशक डॉ. आमिर राशिद एवं स्कूल के शिक्षक अजीज फिरोज,अख्तर , उमंग, दीपक,सतीश ,देव , ओम, कल्याण, प्रभकार, सबीर ने भाग लिए एवं कॉमेंटेटर का कार्य सत्येंद्र ने किया।छात्रों के टीम में फैजान, आकिब, अमर कुमार, फरदीन, आसिफ, साहजादा, अमन, जैद, अफ़्फ़न अनवर, सदुल्ला, नूर आलम , उमर एवं जीशान ने भाग लिया. रोमांचक मैच में छात्रों की जीत हुई।

### चिरकुंडा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

चिरकुंडा। चिरकुंडा तालडांगा स्थित चिरकुंडा नगर कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के चिरकुंडा नगर अध्यक्ष गैरूल हसन की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक गुरूवार को संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए डोर टू डोर जाकर कांग्रेस का डिजिटल मेम्बरशिप करने व 12 नवंबर को राहुल गांधी द्वारा 'भारत जोड़ो यात्रा' को शक्ति प्रदान करने हेतु चिरकुंडा शहीद चौक से कुमारधुबी मोड़ तक पद यात्रा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मो अमीरूल्लाह,शशि भूषण नाथ तिवारी,धरम महतो,निशिकांत मिश्रा,परमानंद सिंह,मंतोष यादव,सूर्यनाथ पाठक,शंकर गुप्ता,राजन साव,अशोक शर्मा,श्यामा कांत मिश्रा,विनय सिंह,महादेव मिश्र,सकलदेव सिंह,रामानंद शर्मा,अन्नपूर्णा देवी,भोला दास थे।

### कसमार प्रखंड के पिरगुल में मनेगी बिरसा मुंडा की जयंती

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के मुरहुलसूदी पंचायत अंतर्गत पिरगुलल बाजार टांड़ में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक ब्रजमोहन मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इसको लेकर तैयारी समिति का भी गठन किया गया। सूरज कुमार टुडू को अध्यक्ष बनाया गया है।

# बंद कांटा घर के निकट मिला अधेड़ का शव

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** बेरमो के गांधीनगर थानातर्गत बेरमो रेलवे गेट के समीप सीसीटी बंद काटा सड़क पर बेरमो स्टेशन निवासी 56 वर्षीय परमेश्वर निषाद का झाड़ी में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक देर शाम जरीडीह बाजार से बेरमो स्टेशन वापस घर लौटने के क्रम मे उक्त घटना घटी। मामले की जानकारी मिलते ही गांधीनगर पुलिस ने शव को उठाकर केंद्रीय अस्पताल ढोरी की मर्चरी में रखवा दिया। परिजन के आने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार किया। वही परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया गया। मौके पर मजदूर नेता सुबोध सिंह पवारए शोमुवा के मुन्ना सिंहएपिंटू कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। परिजनो का कहना है यह सड़क दुर्घटना का मामला नहीं है। यह मामला हत्या का है ।उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग एसपी बोकारो से किया है।परिजनों के अनुसार मृतक बीते शाम को मिक्सी मशीन बनाने जरिडीह बाजार आये हुए थे। मिक्सी मशीन बनवा कर वह घर बेरमो स्टेशन लौट रहे थे इसी बीच यह घटना घटी। जबकि मृतक का मिक्सी मशीन और उसके जुते बेरमो रेलवे क्रोसिंग के समीप से पुलिस ने बरामद किया है। बहरहाल मामला कुछ भी हो मगर पुलिस की जांच के बाद ही घटना का उद्भेदन संभव है।



### सुदामडीह में चली पांच राउंड गोली, तीन घायल, एक की मौत

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह मोहन बाजार भाटडीह मोड़ के समीप ठेकेदारी रंगदारी सहित अन्य मामला को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें एक गुट के द्वारा 5 राउंड की फायरिंग की गई जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुएए घायलों का प्राथमिक उपचार मोहन बाजार का स्थानीय निजी नर्सिंग होम में कराया गया। जहां तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसएनएमसीएच धनबाद भेज दिया गया था जिसमें घायल अमर कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई । अन्य 2 घायल सूरज गुप्ता और आजाद चौधरी को पीएमसीएच से भी दूसरे जगह रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह .तरह की चर्चा है कुछ लोगों का कहना है कि यहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा हुआ रहता है एआए दिन या मारपीट की घटनाएं घटती रहती है। पूर्व में भी यह गोली चलने एवं मारपीट की घटना घट चुकी है और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। जिसके कारण अपराधियों का हौसला बुलंद हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे पूर्व विधायक

सिन्दरी। मासस केन्द्रीय अध्यक्ष सह सिन्दरी के तीन बार विधायक रहे आनंद महतो बलियापुर से बीबीएम कॉलेज आने के क्रम में उनकी बोलेरो वाहन पलट गई। इस घटना में पूर्व विधायक सहित वाहन चालक सोनू महतो घायल हो गए हैं। पूर्व विधायक का इलाज धनबाद के एशियन जालान अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटना में उनके दाहिने जाँघ में चोट लगी है। पूर्व विधायक से कुशलक्षेम पूछने वाले नेताओं का तांता लगा हुआ है। मासस के वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद ने बताया कि बिरसा समिति सिन्दरी में बैठक कर बलियापुर लौट गए थे। किसी कार्य के कारण वह वापस बीबीएम कॉलेज लौट रहे थे। तभी सिन्दरी बलियापुर मुख्य सड़क पर बीबीएम कॉलेज के समीप सिन्दरी की ओर से आ रही दोपहिया वाहन को बचाने के क्रम में उनकी बोलेरो गाड़ी पलट गई। पूर्व विधायक की हालात चिंताजनक बताई जा रही है। उन्हें आनन फानन में एशियन जालान अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

एक नजर में

### बीआइटी सिंदरी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम में निदेशक ने दिये टिप्स



**सिन्दरी।** बीआईटी सिंदरी में सत्र 2022-2026 के नए नामांकन पत्र पानेवाले छात्रों का ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन बीआईटी सिन्दरी संस्थान परिसर स्थित देशपांडे आडिटोरियम बुधवार से शुरू हुआ। इसके दुसरे दिन गुरुवार को बीआईटी सिन्दरी निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने उन बच्चों को एक अभियंता का समाज के उत्थान में किए जाने वाले सहयोग के बारे में बताया। उन्होंने इसके साथ ही वृहत टिप्स भी बच्चों को दी। छात्रों ने भी इसमें रूचि ली और उन्होंने भी अपनी तरफ से कई सवाल पूछे। निदेशक ने उन्हें अभियंता का वास्तविक अर्थ से रूबरू कराया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सीडीसी प्रमुख डॉ घनश्याम व इंडक्शन प्रोग्राम के संचालक प्रो भावेश कुमार उपस्थित रहे।

### विस्थापितों के हक की लड़ाई जारी रहेगी : लाला



**निचितपुर ।** ईस्ट बसुरिया के हरि मंदिर के समीप सामुदायिक भवन में स्थानीय ग्रामीणों के बैठक में स्थानीय ग्रामीण व विस्थापितों की हक को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जीप सदस्य मो.इसराफील उर्फ लाला ने कहा कि ईस्ट बसुरिया क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनी का संचालन होने की स्थिति में स्थानीय ग्रामीण व विस्थापितों की हक की लड़ाई जारी रहेगा। ग्रामीणों का हक मार कर कोई भी कंपनी कोयला का उत्पादन नही कर पायेगी। सभी ग्रामीण संयुक्त ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले लड़ाई लड़ा जाएगा। ग्रामीणों को अपने हक के लिए एक होना होगा और एकमत से आंदोलन की रणनीति बनानी होगी। युवाओ के हाथों में रोजगार के लिए और विस्थापित लोगों को हक दिलाने के लिए ग्रामीणों को एकजुट होकर रहना होगा। बैठक में माणिक बाउरी,धर्मवीर साव , राजेन्द्र दत्ता, राजकपुर भुईया, ओमप्रकाश बाउरी, चन्दन बाउरी, अमर यादव, भुजंग भुइयां, धर्मचंद्र बाउरी, संजय निषाद, गुड्डू सिंह, कंचन सिंह यादव, राजू रजक, अरुण कुमार,मनोज दास, दीपक कुमार पासवान, आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### केबी कॉलेज ने फुटबॉल खेल में रचा इतिहास

**बेरमो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्विद्यालय के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में चास कॉलेज चास के मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में केबी कॉलेज बेरमो ने अपनी जीत के इतिहास को दोहराते हुए एक बार फिर विजेता बन कॉलेज को गौरवान्वित करने का काम किया है। केबी कॉलेज ने फाइनल मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में बी. एस.के. कॉलेज मैथन को 7.5 से हराकर विजेता कप पर कब्जा जमाया। प्राचार्य डॉ आर आर पाल ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि हमारे कॉलेज मे प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कहा कि यह कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है और ऐसी कई उपलब्धियां हमें और भी मिले ऐसा मै ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। मौके पर खेल प्रभारी प्रो. एल. एन. राय, प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ वासुदेव प्रजापति, प्रो. अमित कुमार रवि, प्रो राजू बड़ाईक, प्रो. साजन भारती, डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की, प्रो. मधुरा केरकेट्टा, प्रो. मनोहर मांझी, प्रो. नीतिन चेतन तिग्गा आदि के अलावे कॉलेज परिवार ने खुशी जाहिर की है।

# इडी की छापेमारी के विरोध में प्रदर्शन

## बेरमो विधायक के घर छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोयाबाद।** बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के यहाँ इडी की छापेमारी के विरोध मे गुरूवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने बीसीसीएल के बाँसजोड़ा कोलियरी छह नंबर पीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।आरसीएमएस के केंद्रीय सचिव सह कांग्रेस के गोमिया विधानसभा प्रभारी रवि चौबे के नेतृत्व मे पुतला दहन किया गया। मौके पर रवि चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार द्वेष की राजनीति कर रही है। मजदूर शोषित की आवाज दबाने के लिए इडी के सहारा लेकर छापेमारी करवा कर डराने की कोशिश कर रही है, परंतु हम डरने वाले नही है। कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह व उनके स्वर्गीय पिता राजेन्द्र सिंह ने हमेशा मजदूर के हक के लिए लड़ाई लड़ी है।यह बात भाजपा सरकार को पच नही रही है और भाजपा झारखंड की गठबंधन सरकार को तोड़ने की कोशिश कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम मे रवि चौबे के के पांडे चांद खान राकेश सिंह गया प्रसाद राम महेश अधिकारी रमेश नोनिया संजय चौहान रवि कुमार दास प्रदीप कुमार राम बहादुर हरिजन बबलू पासी रफीक आलम तिलक सिंह कमरुद्दीन खान विजय ठाकुर हीरा पासवान एवं मजदूर नेता एवं सदस्य उपस्थित थे।

# लोयाबाद में उर्स मुबारक के मौके पर कव्वाली आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोयाबाद।** कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह बाबा का चल रहा छः दिवसीय सालाना उर्स मुबारक के मौके पर बुधवार की रात में कव्वाली का मुकाबले का प्रोग्राम का आयोजन हुआ मुंबई से आए कव्वाल अवैस जाहिद नाजां और उत्तर प्रदेश के अमरोहा के कव्वाल फहीम गुलाम वारसी के बीच मुकाबले का प्रोग्राम सुबह 5 बजे तक चला। दोनों कव्वालों ने एक से बढ़कर एक मनकबत, नज्म, गजल व वतन परस्ती के नग्में प्रस्तुत कर ऐसा शमां बांधा कि श्रोता रात भर कव्वाली का लुत्फ उठाते रहे।कव्वाली के प्रोग्राम में सभी संप्रदाय के लोग शिरकत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया।कव्वाली का आगाज दोनों कव्वालों ने खुदा की हमद व शना से की। मुबंई के अवैस जाहिद नाजां ने ₹होली और ईद मनाओ हम सब हैं भाई।देश के दीवाने तिरंगे मिल कर लहराएंगे। चढता सुरज धीरे धीरे ढलता जाएगा सहित कई देश भक्ति के तराने और कलाम पढकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कव्वाल फहीम गुलाम वारसी ने₹ ए बुढी मां तेरे चेहरों के झुर्रियों की कसम, हर एक लकीर में जन्नत दिखाई देता है। मां का प्यार बाजार में नहीं मिलता।

# बोकारो संयंत्र में ठेका श्रमिक की मौत का मुद्दा गरमाया

## आश्रित को नौकरी देने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सीमेंस कंपनी के अंतर्गत कार्यरत पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत चाकुलिया पंचायत के चितामी के स्वण एस महतो के पुत्र सतीश महतो नामक ठेका श्रमिक की पिछले दिनों दुर्घटनाग्रस्त होने से मृत्यु होने के कारण परिजनों द्वारा उसके वारिस के नियोजन का मुद्दा उठाया गया। सांसद पी एन सिंह के प्रतिनिधि बोकारो विधायक बिरंची नारायणे चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी के प्रतिनिधिएजन संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो सहित भाजपा व झामुमो के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण ऑफर लेटर मिलने तक शव नहीं उठाने पर बीजीएच में डटे रहे। प्रबंधन के लोग समाचार लिखे जाने तक गहन विचार विमर्श एवं विधिक प्रक्रिया में लगे हुए हैं। मृत्यु के स्थान के मुद्दे पर बोकारो विधायक ने सीसीटीवी फुटेज पर गौर करने एवं सुरक्षा के विषय पर सीमेंस कंपनी को सजा देने की भी मांग की है।

# आपके द्वार शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बाघमारा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सिके भूली उत्कृमित मध्य विद्यालय में शिविर लगाया गया.शिविर का उद्घघाटन धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार सिंह, बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति, अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह, बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मनीष कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह,बाघमारा प्रमुख गीता देवी, मुखिया सुमन देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पंचायत के लोग अपनी महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में मौजूद दिखे. शिविर में लोगों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन करनें हुतु आवेदन लिया गया। इस दौरान शिविर में उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पूरे धनबाद जिले में दो चरण में 12 से 22 अक्टूबर पहली चरण तथा 1 से 14 नवम्बर तक दूसरी चरण में सभी पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिके भूली उत्कृमित मध्य विद्यालय आया हूं। इस बार की योजनाओं में कुल 15 अलग अलग विभाग की योजनाएं है जिसको फोक्स स्किन के रूप में चिन्हित किया गया है।

# भाजपा ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ अभियान के तहत भाजपा कसमार प्रखंड कमेटी के द्वारा प्रखंड कार्यालय का का घेराव किया गया। इससे पूर्व भाजपा प्रखंड कार्यालय से जुलूस की शक्ल में दर्जनों कार्यकर्ता हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय तक पंहुचे। जहां मुख्य गेट के सामने बैठ गये। जिससे दो घंटे तक प्रखंड कार्यालय जाम रहा और सरकारी कार्य प्रभावित रहा। प्रखंड उपाध्यक्ष भवानी प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा हुई। सभा को संबोधित करते पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय ने कहा कि कांग्रेस.राजद के सहयोग से बनी झामुमो के हेमंत सरकार के कार्यकाल में अपराधी बेलगाम हो गये हैंए लोहाए कोयलाए बालू माफियाओं की चांदी हो रही है। पूर्व विधायक छत्रुराम महतो ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है।1932 खतियान व ओबीसी आरक्षण के नाम पर लोगों का भ्रमित किया जा रहा है। सभा को जिला अध्यक्ष भरत यादवए लक्ष्मण नायकए देवनारायण प्रजापतिए चंद्रशेखर जायसवालए आनंद महतोए आदि ने भी संबोधित किया।मौके पर भाजपा नेता यदुनंदन जायसवालए चंद्रशेखर जायसवालए बीपीन मुंडाए सुरेंद्र महतोए तुलसी दास जायसवालए वाणेश्वर महतोए अशोक प्रजापतिए अर्जुन सिंहए किशोर महतोए परमेश्वर नायकए प्रताप सिंह समेत अन्य दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला अधिकारियों ने विकसित किया एंड्राइड एप स्मार्ट आइआरएस

**बोकारो।** बीएसएल की महिला अधिकारियों द्वारा विकसित एंड्राएड ऐप स्मार्ट इन्फोर्मेशन रिपोर्टिंग सिस्टम को वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में लांच किया गया। इस अवसर पर बी के तिवारी ने बताया कि यह ऐप उपयोगकर्ता के अनुकूल तथा यूजर फ्रैंडली है।इसके माध्यम से संयंत्र परिसर के बाहर रहते हुए भी चौबीसों घंटे संयंत्र के महत्वपूर्ण पैरामीटर को आसानी से एक्सेस किया जा सकता है।

### पेज एक का शेष

#### नौकरी तक की चार योजनाओं को मंजूरी...

**सीएम एकलव्य योजना :** मुख्यमंत्री एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत राज्य के वैसे अभ्यर्थी जो यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक पीओ, क्लर्क, रेलवे, एसएससी की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों में निशुल्क कोचिंग दिलायी जायेगी। इसमें भी 2500 रुपये छात्रवृत्ति दी जायेगी। पहले चरण में 27000 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।
**गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना :** गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना है के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे जिनका नामांकन इंजीनियरिंग मेडिकल या अन्य संस्थानों में हो गया। इनकी पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तक का क्रेडिट दिया जायेगा। यह क्रेडिट चार पर्सेंट ब्याज पर दिया जायेगा, जिसे 15 साल में चुकाना है। इंजीनियरिंग, मेडिकल इत्यादि की पढ़ाई समाप्त होने के 1 साल के बाद एमआई शुरू होगी। शेष राशि सरकार बैंकों को देगी जो सब्सिडी के रूप में होगी। इन योजनाओं का लाभ लेने में सिर्फ एक शर्त है कि उनके पेरेंट्स आयकर दाता नहीं हों।
**सीएम सारथी योजना :** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंडों में स्किल सेंटर खोला जायेगा। कारपेंटर, सिलाई मशीन चलाने इत्यादि की तीन माह ट्रेनिंग दी जायेगी। ट्रेनिंग के बाद अगर रोजगार नहीं मिला तो उन्हें ट्रांसपोर्ट भत्ता भी 1000 मिलेगा। रोजगार प्रोत्साहन भत्ता भी 1000 मिलेगा। महिलाओं और दिव्यांगों को 1500 रुपये हर माह 1 साल की अवधि तक दिया जायेगा। झारखंड कैबिनेट ने कुल 34 प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

#### नयी स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण पास होगा...

**सबका ख्याल रखेगी सरकार :** मंत्री बन्ना गुप्ता ने 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता के सवाल पर कहा कि हमारी सरकार 1932 से लेकर 2022 तक का सबका ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा, विपक्ष की दूरद्दष्टि कमजोर ह। जब-जब कैबिनेट होता है तो भाजपा के पेट में दर्द होने लगता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ओबीसी के लिए भी बड़ा फैसला लिया है, जो आजतक नहीं हुआ। तीनों कांग्रेसी विधायकों के जमानत मिलने पर उन्होंने कहा कि हम इसका स्वागत करते हैं। वे तीनों विधायक कांग्रेस खेमे में ही सदन में बैठेंगे।
**जनता की मांग पर ही 1932 खतियान :** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि जनता की मांग को देखते हुए ही 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता तय करने की कवायद चल रही है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास को मालूम होना चाहिए कि राष्ट्रपति शासन कैसे लगता है। क्या वो कानून के ज्ञाता हैं। उनको संविधान के जानकारों से राय लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने बीस साल तक राज्य के लिए कुछ नहीं किया, अब राष्ट्रपति शासन की बात कर रहे हैं।
**दोनों पक्षों ने बनायी रणनीति :** शुक्रवार की बैठक को ले कर दोनों पक्षों ने गुरुवार की शाम अलग-अलग बैठक कर रणनीति बनायी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने वरिष्ठ विधायकों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में तमाम विधायक उपस्थित थे। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी बैठक कर रणनीति को अंतिम रूप दिया। इसके साथ ही 1932 आधारित स्थानीय नीति यानि डोमिसाइल पॉलिसी को लेकर हेमंत सरकर द्वारा भ्रम फैलाने की बात कही गयी। पार्टी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि सरकार को संकल्प ला कर 1932 के आधार पर स्थानीय नीति लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा यदि साफ रहती तो सीधे संकल्प लेकर 1932की स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू कर देती। लेकिन, हेमंत सरकार इसे केवल उलझाना चाहती है।

# रेलवे कॉलोनी के निकट जंगली हाथियों के पहुंचने से हड़कंप

## वन विभाग के कर्मी कर रहे हैं मोनेटरिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/कथारा।** जंगली हाथियों का समूह कथारा रेलवे कालोनीए असनापानी व झिरकी में देखे जाने के बाद क्षेत्र के लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इसे लेकर वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में लगातार कैंप किए हुए हैं । गुरुवार की सुबह गोमिया प्रखंड के झिरकी एवं सरहचिया की जंगल में अचानक जंगली हाथियों का समूह देखे जाने के बाद सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग वहां जुट गए। खबर पाकर प्रभारी वनपाल दुर्गा हेंब्रमए सब बीट अधिकारी अजीत कुमार मुर्मू तथा सुरेश कुमार टुडू के अलावा कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह सदल बल के साथ घटनास्थल झिरकी के जंगल के समीप पहुंचे। वन रक्षक दल एवं ओपी प्रभारी ने लोगों से लगातार जंगली हांथीयों के समूह से दूरी बनाए रखने की अपील करते देखे गएए बावजूद इसके लोग मानने को तैयार नहीं थे। परिणाम स्वरूप हाथियों का समूह कभी नदी तट की ओर तो कभी झिरकी जंगल की ओर आता जाता रहा। जिसके कारण दिनभर संशय की स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि कई लोग अपनी जान की परवाह किए बिना जंगल में स्थित हाईटेंशन टावर पर चढ़कर हाथियों को भगाते देखे गए। ऐसे में कोई बड़ा हादसा होना संभव था। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल दुर्गा हेंब्रमए सब बीट अधिकारी अजीत कुमार मुर्मू तथा सुरेश कुमार टुडू ने बताया कि उनके द्वारा लगातार हाथियों से लोगों की दूरी बनाए रखने की अपील किया जाता रहाए बावजूद इसके कोई मानने को तैयार नहीं थे। प्रभारी वनपाल ने कहा कि जंगली हाथियों के समूह में दो छोटे हाथियों के बच्चे हैंए जिसके कारण समूह को परेशानी हो रही हैं। वनपाल के अनुसार रात्रि में ही उनका यहां से निकलना संभव हो पायेगा।

### एक दिन पहले हाथियों ने मचाया था उत्पात

इससे पूर्व बुधवार की रात्रि जंगली हाथियों के समूह असनापानी तथा रेलवे कॉलोनी स्थित दामोदर नदी तट मार्ग पर जमकर बवाल काटा तथा कई वृक्षों को तहस.नहस करते हुए कथारा वाशरी मुख्य द्वार के बगल से होते हुए स्लरी पॉइंट की ओर से झिरकी जंगल के तरफ कूच कर गये। बताया जाता है कि जंगली हाथियों के आगमन से क्षेत्र के निवासी रातजगा करने को मजबूर है। ऐसे में हाथियों का कहर लोगों के सर चढ़कर बोल रहा है।

स्पीड न्यूज

## मैनपुरी से डिंपल यादव लड़ेगी लोकसभा चुनाव



**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी के नाम का एलान कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। बता दें कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## अरुणाचल में भूकंप के तेज झटके, तीव्रता 5.7

**सियांग।** अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम सियांग में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.7 रही। भूकंप से कोई नुकसान की सूचना नहीं है।

## आजम की अर्जी खारिज उपचुनाव का रास्ता साफ

**रामपुर।** नफरती भाषण देने के मामले में निजली अदालत के फैसले पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी रामपुर की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने रामपुर की सेशन कोर्ट को गुरुवार को ही आजम खां की दोषसिद्धि के अपील के स्टे प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करने और फैसला देने के आदेश दिए थे। अब रामपुर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है।

## भक्तों ने राधारानी को भेंट किया तीन करोड़ का सिंहासन

**मथुरा।** मथुरा के बरसाना में हीरे और सोने-चांदी बना सिंहासन बुधवार दोपहर राधारानी मंदिर में पहुंच गया। गुरुवार सुबह राधारानी ने इस सिंहासन पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। इस सिंहासन को दिल्ली के श्री ब्रज हरि संकीर्तन मंडल के बब्बू भैया ने भेंट किया है।

## सेंसेक्स में गिरावट जारी

**मुंबई।** सेंसेक्स 419.85 अंक लुढ़ककर 60,613.70 अंक और निफ्टी 128.80 अंक गिरकर 18,028.20 अंक पर आ गया।

## कांग्रेस की चुनाव समिति में जगदीश टाइटलर भी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव समिति का एलान किया है। कांग्रेस ने जिस चुनाव समिति का ऐलान किया है उसमें जगदीश टाइटलर का नाम भी शामिल है। जगदीश का नाम 1984 में हुए दिल्ली दंगों में भी आ चुका है।

### 12 दिसंबर तक ड्रोन के इस्तेमाल पर लगी पाबंदी

# मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट

- **आतंकी ड्रोन और छोटे एयरप्लेन की मदद से हमले की आशंका**

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया गया है। आतंकवादी ड्रोन और छोटे एयरप्लेन की मदद से मंबई में आतंकी हमले का अंजाम दे सकते हैं। आतंकी हमले को देखते हुए मुंबई पुलिस ने 13 नवंबर से 12 दिसंबर तक ड्रोन, रिमोट से नियंत्रित विमान (एअरक्राफ्ट), पैराग्लाइडर, निजी हेलीकॉप्टर और गर्म हवा के गुब्बारों की उड़ानों पर रोक लगा दी है ताकि आतंकवादी गतिविधियों के लिए इन वस्तुओं के संभावित इस्तेमाल को कम किया जा सके।

### उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

जारी आदेश के अनुसार, शहर की पुलिस द्वारा हवाई निगरानी या पुलिस उपायुक्त (संचालन) द्वारा लिखित विशेष अनुमति के अलावा, बृहन्मुंबई पुलिस आयुक्तालय की सीमा में उपरोक्त निजी उड़ान वस्तुओं की किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त आदेश, 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए घातक आतंकी हमले की बरसी के तहत जारी किया गया है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।

शहर की पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत आदेश जारी किया। पुलिस का कहना है कि इसका उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा-188 के तहत सजा दी जाएगी।

### वीवीआइपी को निशाना बना सकते हैं आतंकी

आदेश के मुताबिक, 'यह संभावना है कि आतंकवादी, संभावित हमलों के लिए ड्रोन, रिमोट से नियंत्रित होने वाले विमान (एअरक्राफ्ट), पैराग्लाइडर का उपयोग कर सकते हैं। इस तरह वे वीवीआईपी को निशाना बना सकते हैं और बड़े पैमाने पर मानव जीवन को खतरे में डाल सकते हैं, सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट कर सकते हैं और कानून व्यवस्था में गड़बड़ी कर सकते हैं।' आदेश में कहा गया, इन उड़ने वाली वस्तुओं के उपयोग से किसी भी संभावित हमले को रोकने के मकसद से पुलिस आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र में ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। इसलिए, कुछ निवारक और सक्रिय उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

## जम्मू : टेरर मॉड्यूल का खुलासा, छह गिरफ्तार हथियार भी बरामद

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवाद विरोधी में कुपवाड़ा में बड़ी सफलता मिली है। यहां पुलिस और सेना के 21 एवं 47 आरआर की टीम ने टेरर फंडिंग और रिक्रूटमेंट मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। कुपवाड़ा जिले के चीरकोट इलाके के बिलाल अहमद डार से मिली जानकारी पर पुलिस और सेना ने संयुक्त अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5 पिस्टल, 10 मैगजीन, 49 पिस्टल गोला बारूद, 2 ग्रेनेड और एक आईईडी बरामद किया है।

## तीन दिवसीय दौरे पर इंडोनेशिया जायेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 14 से 16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बागची ने बताया कि प्रधानमंत्री जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिये इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो के आमंत्रण पर जा रहे हैं। बागची ने कहा कि बैठक के समापन सत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। भारत एक दिसंबर से इस समूह की अध्यक्षता करेगा।

## जी20 शिखर सम्मेलन में नहीं शामिल होंगे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले हफ्ते इंडोनेशिया के बाली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। इंडोनेशिया में रूसी दूतावास ने इसे लेकर पुष्टि करते हुए बताया कि सर्गेई लावरोव यहां रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। दूतावास में यूलिया टॉम्स्काया ने बताया कि मैं पुष्टि कर सकता हूं कि सर्गेई लावरोव जी20 में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

### सैटलाइट लॉन्चिंग मार्केट में और जमेगी भारत की धाक

## इसरो ने देसी क्रायोजेनिक इंजन का किया सफल परीक्षण




एजेंसी

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक साथ दर्जनों उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजकर भारत का नाम ऊंचा कर रहा है। पश्चिमी जगत के विकसित देश भी स्पेस में अपने सैटलाइट्स भेजने के लिए भारत की मदद ले रहे हैं।

इससे न केवल सैटलाइट्स लॉन्चिंग के क्षेत्र में धाक जम रही है बल्कि अच्छी-खासी कमाई भी हो रही है। इसरो ने इस दिशा में गुरुवार को एक और बड़ा कदम बढ़ा दिया जब उसने बेहद ताकतवर क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक टेस्ट किया।

### देसी क्रायोजेनिक इंजन का कामयाब परीक्षण

इस क्रायोजेनिक इंजन के सफल परीक्षण के साथ भारत के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम 3 की पेलोड क्षमता 450 किलोग्राम तक बढ़ गई है। इसरो ने एक बयान में कहा कि एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क 3) के लिए देश में विकसित सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का 9 नवंबर को पहली बार 21.8 टन के अपरेटेड थ्रस्ट स्तर पर एक कामयाब परीक्षण किया गया। बयान में कहा गया कि इससे अतिरिक्त प्रणोदक के वजन के साथ एलवीएम 3 पेलोड की क्षमता 450 किलोग्राम तक बढ़ जाएगी।

## केरल सरकार ने राज्यपाल को विवि के चांसलर पद से हटाया

**तिरूअनंतपुरम।** केरल सरकार ने गुरुवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को केरल कलामंडलम डीम्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर के पद से हटा दिया। केरल की मौजूदा सरकार ने केरल कलामंडलम डीम्ड यूनिवर्सिटी के नियमों में संशोधन कर ये फैसला लिया है। साथ ही अब इस पद पर कला एवं संस्कृति क्षेत्र के किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को नियुक्त करने का फैसला किया गया है। केरल सरकार ने कहा था कि वह नहीं चाहती है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद राज्य में विश्वविद्यालयों के शीर्ष पद पर रहें।

## बड़े भाई नवाज शरीफ से मिलने लंदन पहुंचे प्रधानमंत्री शहबाज

**इस्लामाबाद।** एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ से लंदन में मुलाकात की है। माना जा रहा है कि दोनों के बीच इस महीने के अंत में नए सेना प्रमुख की नियुक्ति पर चर्चा हुई। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार शहबाज ने मिस्र में कॉप 27 जलवायु सम्मेलन से ब्रिटिश राजधानी पहुंचे और लंदन में अपने बड़े भाई नवाज के पास निजी विमान से निजी यात्रा पर गए। 61 वर्षीय पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

## गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की उम्मीदवार सूची जारी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भाजपा मुख्यालय में गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को पहली लिस्ट जारी की।

180 विधानसभा सीटों में से अभी 160 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल घाटलोढ़िया से चुनाव मैदान में उतरेंगे। यहां उनके खिलाफ कांग्रेस की एमी यागनिक हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की जगह डॉ दर्शिता शाह राजकोट पश्चिम से चुनाव लड़ेगीं।

### 38 विधायकों के टिकट कटे

वहीं पार्टी ने वर्तमान सरकार में शामिल 5 मंत्रियों का भी टिकट काट दिया है। इनमें राजेंद्र त्रिवेदी और प्रदीप परमार जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। मोरबी में भाजपा ने मौजूदा विधायक बृजेश का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। मोरबी पुल हादसे के वक्त कांतिलाल लोगों की जान बचाने के लिए मच्छू नदी में कूदे थे। उन्होंने जल्द रेस्क्यू के लिए वीडियो भी पोस्ट किया था। कांग्रेस से आने वाले कई नेताओं को टिकट दिया दिया गया है।

## साइबर और सूचना युद्ध से निपटने के लिए एकजुट हो अंतर्राष्ट्रीय समुदायः राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से साइबर हमलों और सूचना युद्ध जैसे गंभीर उभरते खतरों से निपटने के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया है। सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय कोर्स के दीक्षांत समारोह में सशस्त्र सेनाओं, सिविल सेवाओं के साथ-साथ मित्र देशों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि सूचना युद्ध किसी देश की राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा पर है और देश की पूर्ण क्षमता का उपयोग तभी किया जा सकता है जब उसके हितों की रक्षा की जाए।

# चीनी सीमा तक पटरियां बिछायेगा रेलवे

एजेंसी

**गुवाहाटी।** भारतीय सेना को चीन सीमा तक आसानी से पहुंचाने के लिए भारतीय रेलवे अपनी विस्तार योजनाओं को नई गति दे रही है। इस क्रम में भारतीय रेलवे ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल नेटवर्क को मजबूत करने की कवायद के क्रम में भारतीय रेलवे ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा तक सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने के अलावा पड़ोसी भूटान तक रेलवे ट्रैक बिछाने की योजना बनाई है। रेल मंत्रालय ने बताया है कि इन विस्तार योजनाओं के तहत अरुणाचल प्रदेश में नई रेलवे परियोजनाओं के लिए रेलवे ने अंतिम स्थान सर्वेक्षण जोरों शोरों से



शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने इन तैयारियों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे जोन ने अरुणाचल प्रदेश सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुछ और नई रेलवे परियोजनाओं के निर्माण की योजना बनाई है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय रेलवे ने चीन सीमा के साथ भालुकपोंग से तवांग और सिलापाथर से अलॉन्ग वाया बामे तक एक नई रेलवे लाइन बनाने और मुरकोंगसेलेक से पासीघाट तक रेलवे लाइन का विस्तार करने की योजना बनाई है। चीन के साथ सीमा विवाद को देखते हुए इस रेलवे लाइन का सामरिक महत्व भी होगा।

# लालू की बेटी रोहिणी पिता को देंगी किडनी

## सिंगापुर में इसी महीने होगा ट्रांसप्लांट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पिछले कई सालों से किडनी की बीमारियों से पीड़ित लालू प्रसाद की जिंदगी बचाने के लिए उनकी सिंगापुर वाली बेटी रोहिणी अचार्य ने बड़ा फैसला लिया है, जो कि देश की सभी बेटियों के लिए मिसाल है। रोहिणी ने अपने पिता को एक किडनी दान करने का फैसला किया है ताकि वे बीमारी से जल्द उबर सकें। बता दें कि लालू 56 से अधिक तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं जिसके इलाज के लिए वे कुछ दिन पहले सिंगापुर गए थे।

**रोहिणी की पेशकश को पहले लालू ने ठुकरा दिया था :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंगापुर में डॉक्टरों द्वारा राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को



किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह देने के बाद रोहिणी ने अपने पिता को अपनी एक किडनी दान करने की पेशकश की थी। लेकिन लालू प्रसाद ने शुरू में रोहिणी की पेशकश को ठुकरा दिया था। लेकिन रोहिणी के मान मनौव्वल के बाद पिता लालू मान गए और किडनी लेने के लिए तैयार हो गए।

**20-24 नवंबर के बीच सिंगापुर जा सकते हैं लालू :** लालू 20-24 नवंबर के बीच फिर से सिंगापुर जा सकते हैं। इस दौरान उनके गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए ऑपरेशन होने की संभावना है। लालू की दूसरी बेटी, रोहिणी, सिंगापुर में रहती है, पिता की किडनी की बीमारियों को लेकर बेहद चिंतित थी।

## चेन्नई : पटाखों के गोदाम में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरई जिले से दिल दहला देने वाली खबर है। जिले के थिरुमंगलम में पटाखों के गोदाम में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। यहां फिलहाल बचाव-राहत कार्य चालू है। मदुरई के एसपी आर. शिव प्रसाद ने कहा- पांच लोगों की मौत हो गई है। यह पटाखे बनाने और उनका गोदाम है। हम हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, 10 घायलों का इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि जिस कंपनी के गोदाम में आग लगी, उसके पास पटाखे बनाने का लाइसेंस था। एक अन्य जांचकर्ता ने कहा कि धमाका इतना तेज था कि शव के अवशेष बिखर गए हैं।

# मलाइका ने हां कर दी

मलाइका अरोड़ा ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर के साथ लिखा कि उन्होंने 'हां' कर दी है। अब हां किस लिए की, इसकी जानकारी उन्होंने अपने पोस्ट में नहीं दी। ऐसे में हर तरफ ऐसे कयास लगाए जाने लगे कि मलाइका ने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से शादी के लिए हां कह दी है। हालांकि ये तमाम कयास अफवाह साबित हुए हैं। पहले पोस्ट के कुछ घंटे बाद खुद मलाइका ने साफ कर दिया है कि उन्होंने किस चीज के लिए हां की।

**हां कहने की ये है सच्चाई**

दरअसल मलाइका अरोड़ा जल्द ही डिज्नी प्लस हटस्टार पर स्ट्रीम होने वाले एक रिएलिटी शो में नजर आएंगी। इसको लेकर मलाइका ने अपने दूसरे इंस्टा पोस्ट में लिखा है, 'मैंने डिज्नी प्लस हॉटस्टार के नए रिएलिटी शो मूविंग विद मलाइका के लिए हां कहा है. इस शो में आप मुझे करीब से और व्यक्तिगत तौर पर जान पाएंगे, जैसा पहले कभी नहीं जान पाए हैं। अच्छा, जरा रुकिए। आप लोग क्या सोच रहे थे कि मैं किस बारे में बात कर रही थी! 5 दिसंबर से स्ट्रीम होगा।' मलाइका के पोस्ट के बाद फैंस के साथ साथ कई सितारों ने भी बधाई दी।



हालांकि किसी भी सेलेब ने बधाई देने के दौरान अर्जुन कपूर या फिर मलाइका की शादी का जिक्र नहीं किया। इस दौरान कई फैंस ने उनके पोस्ट पर ये सवाल पूछा कि किसके लिए हां की है आपने। खैर, अब मलाइका ने अपने 'यश' के कारण का खुलासा कर दिया है, जिससे सभी अफवाहों पर लगाम लग गई है।




# एडिलेड में शर्मसार भारत, इंग्लैंड के हाथों पिटकर बाहर

एजेंसी

**एडिलेड।** इंग्लैंड ने एडिलेड में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हराया। इस हार के साथ टीम इंडिया एकबार फिर सेमीफाइनल से बाहर हो गई। अब 13 नवंबर को खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 168 रन बनाए। विराट कोहली ने 40 गेंदों में 50 रन और हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में 63 रन की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड ने 16 ओवर में 170 रन बनाकर मैच जीत लिया।

**इंग्लैंड एडिलेड में टॉस जीतकर मैच जीतने वाली पहली टीम**



### इंग्लैंड ने एडिलेड में रचा इतिहास

यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिना विकेट गंवाए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। वहीं, इंग्लैंड के लिए यह बिना विकेट गंवाए सबसे बड़ी जीत है। बिना विकेट गंवाए सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम है। उसने कराची में इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ 203 रन चेज किए थे। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ 2016 में हैमिल्टन में बिना विकेट गंवाए 171 रन चेज किए थे। इंग्लैंड की टीम तीसरे नंबर पर है।

**बिना विकेट गंवाये तीसरा सबसे बड़ा चेज**

वहीं, यह एडिलेड में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले 2011 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 158 रन चेज किया था। एडिलेड में इस मैच से पहले 11 मुकाबले खेले गए थे और जो भी टीम यहां टॉस जीती थी, वह कभी नहीं जीत पाई थी। हालांकि, जोस बटलर एंड कंपनी ने यह इतिहास भी बदल दिया। वह ऐसे पहले कप्तान हैं, जिसने एडिलेड में टॉस जीतने के बाद भी मैच अपने नाम किया।

## हार के बाद रोहित नहीं रोक पाये आंसू, कोहली को छुपाना पड़ा मुंह



टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय टीम का सफर शर्मनाक हार के साथ खत्म हुआ। इस हार ने फैंस के साथ-साथ कप्तान रोहित शर्मा का दिल तोड़ दिया। इस पूरे टूर्नामेंट में रोहित का बल्ला भी खास कमाल नहीं कर पाया और न ही उनकी कप्तानी में टीम इंडिया। रोहित शर्मा के लिए हार के बाद का समय काफी मुश्किल था। वह मैदान से बाहर निकलकर डगआउट में जाकर अकेले बैठ गए। वह किसी से बात नहीं कर रहे थे और काफी निराश नजर आए। उनकी आंखे भरी हुई नजर आई। तभी राहुल द्रविड़ उनके पास आकर बैठे और बात करके उन्हें संभालने की कोशिश की। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली बेहद दुखी दिखाई दिए। नौबत ये आ गई कि उन्हें बीच मैदान पर मुंह तक छिपाना पड़ा। विराट कोहली इंग्लैंड से हार के बाद टोपी से मुंह छिपाते दिखे। दरअसल वो टोपी में मुंह छिपाकर अपने हार के दर्द को छिपा रहे थे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!